KILLER
this is us

जन जागृति का प्रेरक

CELEBRATING 66 Glorious Years 1960-2025

# हलकारा

संदेश लाये • संदेश ले जाये

integriti
THE SPIRIT CALLED YOUTH

संस्थापक : स्व. जीवराज एम. रांका • संपादक : शांतिलाल जे. रांका • वर्ष 66 • अंक - 22 • दिनांक 01 - 31 जुलाई 2025 • प्रति - ₹ 15/-

## दुबई में नि:शुल्क जैन भोजन उपलब्ध

"धन्य है दुबई के जैन गोल्ड व्यापारी"

**दुबई -** जैन व्यापारियों ने मिलकर अपने सभी जैन बंधुओं के लिए नि:शुल्क शुद्ध भोजन की व्यवस्था की है, यहाँ अपना जैन चैताल्य है। दुबई में एकदम सात्विक, शुद्ध भोजन मिलना बहुत मुश्किल है, पर यहाँ के जैन गोल्ड व्यापारियों ने अपने सभी जैन भाईयों के लिए नि:शुल्क जैन शुद्ध भोजन का आमंत्रण देकर बहुत बड़ा कार्य किया है।

आप जब दुबई टूरिस्ट बनकर या अपने स्वयं के कार्य के लिए यहाँ जाएं, तो जैन भोजन ही ग्रहण करें, यह व्यवस्था केवल जैन लोगों के लिए है। दुबई जाने पर आप नीचे दिए गए नाम एवं फोन नंबर पर संपर्क करे।

**श्रवण राजावत, निलेश शाह 04-2202300**

## सादड़ी में बनेगा विशाल कल्याण सरोवर



* **पर्यटको को बढ़ावा देने के उदेश्य से राज्य सरकार ने की जमीन भेंट.**
* **राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन ब्राह्माकुमारी संस्थान के नेतृत्व में हो रहा है निर्माण.**
* **भामाशाह और दानदाताओं के सहयोग से होगा निर्माण कार्य पूर्ण.**

**सादड़ी -** कस्बे के समीप वर्ती सादड़ी घाणेराव रोड पर ब्राह्माकुमारी संस्थान की और से संचालित राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के अथक प्रयास के बाद राज्य सरकार ने क्षेत्र में पर्यटको को बढ़ावा देने के मुख्य उदेश्य से संस्थान को करीब चार हेक्टयर जमीन भेंट करी साथ ही घाणेराव सरपंच संतोष चंद्रशेखर मेवाड़ा ने तीन बीघा जमीन संस्थान को भेंट करी. संस्थान की और से इस भूमि पर पर्यटको को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने के उदेश्य से विशाल कल्याण सरोवर का निर्माण करवाया जा रहा है.जो क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करेगा साथ ही आने जाने वाले पर्यटकों को अत्यंत शांत एवं सौन्दर्य पूर्ण वातावरण का अनुभव प्राप्त होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चार हेक्टयर जमीन पर निर्माणाधीन कल्याण सरोवर में मुख्य रूप से मानव कल्याण, पर्यावरण संवर्धन और मनमोहक वतावरण उत्पन्न करना है. सस्थान की और से इसी भूमि पर करीब 5000 वृक्ष रोपण का कार्य भी जारी है. ब्रह्माकुमारी परिवार इस मानव कल्याण परियोजना में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहा है।

निर्माणाधीन विशाल कल्याण सरोवर में संस्थान की और से मुख्य प्रवेश द्वार के सामने 70 फ़ीट ऊँची शिवलिंग की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, साथ ही शिवालय के मध्य अष्टगुणों से निर्मित शिव बाबा की प्रतिमा लगाई जाएगी, जो पर्यटको को सरोवर में प्रवेश करते ही ईश्वरिय शक्ति का अनुभव करवाएगी. साथ ही अष्टधाम, पिरामिड, मैडिटेशन रूम, यौगिक खेती, दीवाइन कळचरल, गुलजार हॉल भी पर्यटकों को प्रभावित करेंगे. ब्रह्माकुमारी संस्थान की और से बी के सुचिता ने मानवकल्याण परियोजना मे ज्यादा से ज्यादा भामाशाओ से सहयोग की अपील किया हैं।



## पर्युषण विशेषांक 2025

### सभी विज्ञापनदाताओं से निवेदन

हलकारा पर्युषण विशेषांक 2025 अति शीघ्र प्रकाशित हो रहा है। आप सभी विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि इस अंक हेतु अपने प्रतिष्ठान का विज्ञापन जरूर दें।

आपके क्षेत्रों में विराजीत भगवंतों आचार्य श्री मुनियों तथा साधु-साध्वीयों जी के चातुर्मास के समाचार फोटो सहित हमें भिजवायें।

सम्पादक - हलकारा

Shantilal J. Ranka - 98203 53054
Prakash J. Ranka - 98927 08483
Email : halkaramumbai@gmail.com

नवनिधी®
शुध्द दानेदार घी
शुध्द हर दाना,
स्वादिष्ट बनाए खाना
हमारे प्रमुख उत्पाद
नवनिधी डेरी व्हाईट नं.१
(शुद्ध देसी घी)
नवनिधी डेरी गोल्ड
(गाय का शुद्ध घी)
नवनिधी कोकोनट ऑइल,
मिल्क पावडर
Puron रिफाईन्ड सन फ्लावर





American Best Quality Premium
अखरोट
Big Size में
नया स्टॉक आ गया है।
A Quality Product by :
ATMABANDHU INDUSTRIES PVT. LTD.
तरुण जे. जैन 93241 81226
जयंतीलाल बी. जैन 93239 75253
मुंबई - 95949 79806 • नवी मुंबई - 90220 00009
nakodapremium@rediffmail.com www.atmabandhu.com

KORAKENDRA
GROUNDS 1 2 3 & AC DOME
BORIVALI WEST



Special Package - 6,66,666/*
*Rent and Taxes Applicable
KORAKENDRA GROUND 3
CAPACITY 500-1800
Booking Open 2025-26
ALSO AVAILABLE AC DOME | 4 DIFFERENT VENUES
AVAILABLE FOR
SANGEET - ENGAGEMENT - WEDDING - RECEPTION
FOR BOOKING 97697 52063
As per govt regulations

LAWMAN Pg3
BE THE STAR

## जैन समाज की गौरव डॉ. मीनाक्षी जैन राज्यसभा के लिए मनोनीत



राष्ट्रपति जैन रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(a) और इसके खंड (3) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए चार विशिष्ट व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। यह मनोनयन उन सीटों को भरने के लिए किया गया है, जो पहले मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली हुई थीं मनोनीत किए गए चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों में प्रख्यात वकील उज्ज्वल देवराव निकम, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्ते, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और जानी-मानी इतिहासकार डॉ.मीनाक्षी जैन शामिल हैं।

## जैन समाज की गौरव निष्ठा बोथरा



संपूर्ण भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली जैन समाज का गौरव वृद्धि करने वाली निष्ठा बोथरा को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

गुवाहाटी के छापर निवासी सुश्री निष्ठा बोथरा ने पूरे भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त कर समूचे छापर का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा है तेरापंथ सभा प्रवक्ता प्रदीप सुराणा जी ने बताया कि स्वर्गीय सुभाष जी एवं संगीता जी बोथरा की पुत्री सुश्री निष्ठा बोथरा ने यह कीर्तिमान स्थापित कर अपने दादाजी स्वर्गीय पूनम चंद जी बोथरा एवं परिवार का नाम तेरापंथ समाज में गौरवान्वित किया है। संपूर्ण जैन समाज निष्ठा की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामना करते हैं।

## भागोद्य तीर्थ में मुनि विमल सागर म. सा. का आगमन



संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री विमल सागर जी महाराज के 9 दिन के निर्जला उपवास के बाद भाग्योदय तीर्थ क्षेत्र सागर में पधारना हुआ।

मुनि श्री ने 9 दिनों से एक बूंद जल भी ग्रहण नहीं किया है धन्य है ऐसे दिगंबर साधु जो सच में इस पंचम काल में चतुर्थ काल जैसी चर्या का पालन कर दुनिया का चमत्कृत कर रहे है।

भाग्योदय तीर्थ सागर में विराजमान युग शिरोमणि आचार्य भगवन गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के संघस्थ महातपस्वी सौम्यमूर्ति वात्सलय रत्नाकर मुनि श्री विमल सागर जी महाराज ने भी 9 उपवास किया जो अनुमोदनीय है ।ऐसे महा मुनिश्वर आराध्य गुरुदेव श्री विमल सागर जी महाराज के चरणो में कोटिश नमन.....

## बारिश में सतर्कता बरते और सुरक्षित रहे



**गुरुग्राम:** क्षेत्र के अक्षत जैन शाम करीब 9:30-10 बजे जिम से अपनी बाइक पर घर लौट रहे थे. सेक्टर 49 इलाके में जलभराव के कारण उन्हें स्ट्रीट लाइट के खंभे के पास से गुजरना पड़ा, जहां उन्हें करंट लग गया. गंभीर रूप से घायल अक्षत को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. अक्षत जैन की मौत के कुछ ही देर बाद, उसी स्थान पर दो गायें भी करंट की चपेट में आ गईं और उनकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

# बैंगलोर में गहलोत का प्रवासी राजस्थानी कर्नाटका संवाद कार्यक्रम




**बैंगलोर** - राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रवासी राजस्थानी कर्नाटका संघ की तरफ से आयोजित प्रवासी संवाद व अभिनंदन कार्यक्रम में शरीक होने हेतु बैंगलोर पहुँचे!! प्रवासी राजस्थानी कर्नाटका संघ के महामंत्री व लूनी के पूर्व सरपंच डॉ. जवरीलाल लूनावत ने बताया कि मारवाड़ की परंपरा अनुसार प्रवेश द्वार पर ढोल थाली व तिलक लगाकर स्वागत किया गया!! कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने के बाद गणपति भगवान की प्रतिमा के आगे पंडितजी के मंत्रों के साथ सभी समाजों के अध्यक्ष व गांधीनगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किरणकुमार ने दीप प्रज्वलित किया!!

गहलोत का स्वागत सभी समाजों के अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों की माला, शाल व साफे से किया गया!!

गहलोत के अभिनंदन व स्वागत कार्यक्रम में जैन समाज, राजपूत समाज, श्री राजाराम आँजना पटेल समाज, राजपुरोहित समाज, जाट चौधरी समाज, सिरवी समाज, देवासी समाज, माहेश्वरी समाज, श्रीमाली व शर्मा व ब्राह्मण समाज, प्रजापत समाज, जांगिड समाज, रावणा राजपूत समाज, चारण समाज, कुमावत समाज, सैन समाज, वैष्णव समाज, विश्नोई समाज, खत्री समाज, दर्जी समाज, घांची समाज, गौस्वामी-गिरी व पुरी समाज व नाथ समाज के अध्यक्ष व सचिव सहित समस्त पदाधिकारियों ने भाग लिया!!

डॉ. लूनावत ने स्वागत भाषण में सभी समाजों का आभार व्यक्त किया तथा बैंगलोर में राजस्थान भवन बनाने हेतु कर्नाटका सरकार से जमीन आवंटन की मांग गहलोत के मार्फ़त की व प्रवासी बंधुओं के आवागमन हेतु बैंगलोर से जोधपुर, जालोर, सिरोही, बाड़मेर व नागोर के लिये लक्ज़री बसें प्रतिदिन चलाने की मांग की गयी!!

कर्नाटका पटेल भवन के सचिव भीमाराम पटेल ने अपने उद्बोधन मे आगंतुक सभी समाजों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया व प्रवासी राजस्थानी कर्नाटका संघ का विशेष आभार व्यक्त कर कहा कि संघ ने हमारे समाज के भवन में जननायक के अभिनंदन कार्यक्रम में सभी 36 कौम के समाजों को आमंत्रित किया यह हमारे लिये गौरव की बात है।

गहलोत ने अपने संबोधन की शुरुआत उपस्थित 36 कौम के समाजों का नाम लेकर कहा कि आज पूरे राजस्थान के सभी समाजों से मिलने का सुनहरा मौका मिला व सभी समाजों की उपस्थिति देखकर मेरा दिल गद्गद हो गया!!

गहलोत ने कहा कि मेरे चालीस वर्षो के समर्पित व लूनी के अग्रणी निःस्वार्थ कार्यकर्ता लूनावत से बात की और इन्होंने कम समय मिलने के बावजूद इतनी भारी तादाद में सभी समाजों को एक ही मंच पर मिलवा दिया मैं इनकी पूरी टीम का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूँ!!

गहलोत ने कहा कि मेरे को पार्टी ने बहुत कुछ दिया व मैंने तीन बार मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए सभी वर्गो के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य किया व कोविड काल के समय राजस्थान प्रदेश में शानदार मैनेजमेंट किया जिसकी सराहना स्वयं प्रधानमंत्री ने कई बार की व पूरे शासन व प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा!! गहलोत ने कहा कि भारत में राजस्थान प्रदेश अब विश्व का सबसे पसंदीदा पर्यटन राज्य बन गया है व राजस्थान हर क्षैत्र में चहुमुखी विकास की तरफ अग्रसर है!! राजस्थान के प्रत्येक जिले में अनेक तरह के उद्योग व व्यापार प्रगति कर चुके हैं, अतः प्रवासी बंधुओं को कर्नाटका के साथ राजस्थान में भी निवेश करने के लिये सोचना चाहिये!!

# कालबादेवी में मनाया गया आचार्य श्री महाप्रज्ञ जीवन दर्शन कार्यक्रम




**मुंबई** - महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल कालबादेवी में आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी की १०६ वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में पुण्यतिथि का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के मुख्य अतिथि गण को सम्मान पूर्वक सभागार तक लाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री कुंदनमल जी धाकड़ , निवर्तमान अध्यक्ष श्री किशन लालजी डागलिया, कार्यअध्यक्ष श्री गणपत लालजी डागलिया, सी.ए. श्री सुमेर सुराना जी, श्री रमेश मेहता जी, मंत्री श्री लक्ष्मी लालजी डागलिया, डॉक्टर श्री एस.के.जैन जी, सभा अध्यक्ष दक्षिण मुंबई श्री सुरेश जी डागलिया , श्री प्रकाश जी कुंडेलिया , सभा मंत्री श्री दिनेश जी धाकड़, युवक परिषद अध्यक्ष श्री गिरीश जी सिसोदिया, श्री उत्सव जी धाकड़,महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती वनिता जी धाकड़,मंत्री श्रीमती संगीता राठौड़, श्री प्रकाश जी कुंडेलिया विद्यालय की निर्देशिका महोदया डॉक्टर श्रीमती वनिता मनसुखानी प्रधानाध्यापिका श्रीमती सरोज माचाड़ो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र से की गई , छात्राओं ने अपने नृत्य प्रस्तुतीकरण से सभागार में भक्तिमय हो गया।

यह कार्यक्रम विद्यालय में एक विशेष अवसर पर आयोजित किया गया। विद्यालय महाप्रज्ञ के नाम पर रखा गया है, उन्हीं की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया । आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी का जीवन परिचय (14 जून 1920 - 9 मई 2010) जैन धर्म के श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ संप्रदाय के दसवें आचार्य थे। आचार्य श्री महाप्रज्ञजी एक संत, योगी, आध्यात्मिक दार्शनिक, लेखक, वक्ता और कवि थे। दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम वहां पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथि गणों के कर कमलों द्वारा'असतो मां सदगमय 'की धुन पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के एक छोटे से संभाषण द्वारा की गई जिसमें उन्होंने आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा"तेरापंथ मेरा पंथ बन गया" आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनका जीवन , विचार, चिंतन ,समाज के लिए है मानवता के लिए है।

जिन शासन को समर्पित एक नृत्य प्रस्तुतीकरण द्वारा मंगल हेतु कल्याण सभी बच्चों ने इस भावना के साथ अपने कार्यक्रम का समापन किया। सभागार में उपस्थित सभी मुख्य अतिथिगणों ने समूह चित्र लेकर उस पल को यादगार बना दिया। विद्यालय की निर्देशिका महोदया डॉक्टर वनीता मनसुखानी जी ने अपने भाषण में कहा "आज वे बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। "विद्यालय को चलाना एक जिम्मेदारी और गौरवपूर्ण बताया ,उन्होंने अपने संभाषण में कहा छात्रों में सभी मूल्यों का नैतिक विकास करना और अनुशासन को महत्वपूर्ण माना । उन्होंने छात्रों से अनुरोध करते हुए आत्म संयम पर जोर देने की बात कही । उपस्थित सभी मुख्य अतिथि गणों का सम्मान पूर्वक आदर सत्कार किया गया। अंत में कार्यक्रम का समापन करते हुए कार्यक्रम संचालन की बागडोर संभाले हुए कक्षा दसवीं की जिया और तृषा ने सभी को धन्यवाद दिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# चातुर्मास कार्यक्रम में बहुआयामी व्यक्तियो का सम्मान







**मुंबई -** साधु भूल करे तो श्रावक सुधारे और श्रावक भूल करे तो साधु सुधारे, लेकिन दोनों भूल करे तो कौन सुधारे ? ये सवाल का जवाब मुझे तीन थॉय के गच्छाधिपति परम पूज्य हितेश चंद्र विजय जी महाराज के कमाठी पूरा चातुर्मास के प्रवेश में मिला। ये बात कहते हुये जैन समाज के अग्रणी हार्दिक हुंडिया ने बताया कि इनका जवाब संघ है। जैन धर्म में संघ महान है। इनकी रचना तीन लोक के नाथ देवाधिदेव परमात्मा भगवान महावीर स्वामीजी ने की थी। परम कृपालु परमात्मा के अनमोल संदेश सवी जीव करू शासन रशी की उत्कृष्ट भावना भाने वाले हितेश चंद्र विजय, निलेश चंद्र विजय अन्य मुनि महाराज, साध्वीजी महाराज चातुर्मास के लिये पधारे है। कमाठीपुरा संघ ने भव्य चातुर्मास प्रवेश कराया। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि चार महिना धर्म ध्यान करके पुण्य कमाने का अनमोल अवसर है। हितेश विजय जी के शिष्यों में धर्म प्रति जो खुमारी है वो वंदनीय है। नीलेश चंद्र विजय इनकी अनमोल पहचान है। धर्म में कहा भी अन्याय होता है तो निलेश चंद्र विजय वहाँ पहुंच के आवाज़ उठाते है। हार्दिक हुंडिया ने कहा की ख़ुद की आत्मा के कल्याण के साथ साथ हमारी आत्मा का भी कल्याण करने वाले, जिनके नाम में भी सभी का हित है, ईश्वर के आराधक भी है ऐसे महान संत को राष्ट्रीय संत की पदवी जल्द गाजे बाजे के साथ सकल संघ की हाजरी में दी जायेगी। महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मोहन खेड़ा ट्रस्ट के अग्रणी सुजानमल शेठ, पृथ्वीराज कोठारी, हार्दिक हुंडिया का सम्मान किया गया। डीसा के प्रसिद्ध बेंड अजंता बेंड, संगीत कार नरेंद्र वाणी गोता ने भक्ति के साथ संचालन भी किया था। रमेश शाह, चंपालाल वर्धन, मंजू लोढ़ा और देश के कई राज्यो से भक्तों ने चातुर्मास प्रवेश में हाजरी दी थी।

# रुमादेवी नारी शक्ति से सम्मानित



**मुंबई -** गरवारे क्लब चर्चगेट में डॉ श्रीमती रूमा देवी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित नारी शक्ति पुरस्कार, फैशन डिज़ाइनर का सम्मान करते हुए श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दक्षिण मुंबई के अध्यक्ष श्री सुरेश एन डागलिया, निवर्तमान अध्यक्ष श्री गणपत जी डागलिया, मंत्री श्री दिनेश जी धाकड़, उपाध्यक्ष श्री नितेश धाकड़, महिला मंडल दक्षिण मुंबई के अध्यक्षा वनिता जी धाकड़, लतिका जी डागलिया, गुंजन सुराणा, प्रवीणा जी मोदी उपस्थित थे।

## मुंबई (चीरा बाजार) में प. पू. मुनि विरक्त सागर जी म. सा. ठाणा -२ का भव्य प्रवेश



**मुंबई -** सागर समुदायवर्ती शासन प्रभावक आचार्य हर्ष सागर सूरिश्वरजी म. सा. के शिष्य रत्न 108 प्रतिक्रमण मंडल के प्रेरक प. पू. मुनि विरक्त सागर जी म. सा. का चीरा बाजार जैन संघ में भव्य चातुर्मास प्रवेश सम्पन्न हुआ।

## नन्दलाल भाटिया 'नवल' बने हलकारा के सहायक संपादक

**मुंबई -** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, साहित्यकार नन्दलाल भाटियां 'नवल' को मुंबई से पिछले ६५ वर्षों से निरंतर प्रकाशित जैन समाज की प्रमुख अखबार "हलकारा" के सहायक सम्पादक के पद पर नियुक्त किया गया है। उल्लेखनिय है कि 'नवल' इसके पहले मुंबई से ही प्रकाशित "महावीर विचार" एवं "ओसवाल प्रकाश" के कार्यकारी सम्पादक रह चुके है। नन्दलाल भाटिया 'नवल' की चार पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है, और जैन समाज की प्रमुख पत्र, पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं पूरे देश में प्रकाशित हुई है।

हलकारा के प्रकाशक मुद्रक श्री प्रकाश जे. रांका एवं सम्पादक श्री शांतिलाल जे. रांका सा. का नन्दलाल भाटिया 'नवल' ने आभार प्रकट किया और हलकारा को जैन समाज की प्रमुख अखबार बनाने की दिशा मे पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने को समर्पित किया।

## लूनी बांध में जलस्तर बढा ग्रामीणों में हर्ष

**रायपुर मारवाड़ -** रायपुर मारवाड़ उपखंड स्थित लूनी बांध में जलस्तर में एक फीट की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि गुरुवार और शुक्रवार को हुई बारिश के कारण दर्ज की गई। पहाड़ी इलाकों में हुई मूसलाधार वर्षा से नालों में बहाव शुरू हुआ। बांध की भराव क्षमता साढ़े तेरह फीट है। वर्तमान में जलस्तर इस सीमा के करीब पहुंच रहा है। यह स्थिति क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी है। इससे खरीफ फसलों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। साथ ही पेयजल संकट से भी राहत मिलने की संभावना है। शुक्रवार को सुहावने मौसम में रायपुर उपखंड के विभिन्न गांवों के लोग बांध पर पहुंचे।

युवाओं और बच्चों ने फोटो खिंचवाए और सेल्फी लीं। स्थानीय प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने सतर्कता का आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने कहा कि बांध में पानी की आवक नियंत्रित है। फिर भी पानी के पास जाना और भीड़ जमा करना खतरनाक हो सकता है। लोगों को बच्चों को जलधारा के पास न जाने की सलाह दी गई है।

## प्राथमिक विद्यालय आबोला मे पौधे लगाए गए

**झाड़ोली -** सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आबेला में भारत विकास परिषद पिंडवाड़ा और भामाशाह श्रेणिक कुमार के सहयोग से 100 पौधे रोपे, जिसमें जामुन, अमरूद, नीम, आम, कनेर, आदि के पौधे रोपे और उनको बड़े करने का संकल्प लिया पूर्व प्रधानाचार्य रमेश खंडेलवाल ने वृक्ष के महत्व के बारे में छात्रों को बताया इस अवसर पर भारत विकास परिषद के गोविन्द सिंह चौधरी, विजय गौतम, जसवंत सिंह चौहान, अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल और इंद्रा कुमारी, भावना कुमारी, शकुंतला कुमारी, सलमा शेख, किरण कुंवर, प्रवीण पारंगी, हनुमान चौधरी आदि उपस्थित थे।

## खड्डों में तब्दील सादड़ी का मुख्य आखरिया चौराहा

**सादड़ी -** कस्बे में इन दिनों प्रशासन की अनदेखी के चलते मुख्य सड़क मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। कस्बे का मुख्य चौराहा जहां से एक रास्ता राणकपुर, एक परशुराम महादेव, एक फालना, एक भादरास, एक मुख्य बाजार में जाता है। यह उन सभी मार्ग का चौराहा इन दिनो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है। करीब आधे से एक फीट के लंबे-चौड़े व गहरे गड्ढे वाहन चालकों व राहगीरों के लिए परेशानी का पर्याय बने हुए है। लेकिन समस्या की सम्बंधित विभाग कोई सुध नहीं ले रहा है। कस्बे के आखरिया चौराहे से राणकपुर रोड पर आधे किलोमीटर के दायरे में 10 छोड़े बड़े ऐसे खड्डें है जहां से वाहन लेकर जाने से भारी परेशानी हिचकोले खाने पड़ रहे है। गर्भवती महिलाओं के आवागमन के लिए ये मार्ग पूरी तरह से एक चुनौती भरा है। जहां हर एक मिनट में खड्डे का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशासन को तुरंत प्रभाव से खड्डों की मरम्मत कर राहगीरों और वाहन चालकों को राहत प्रदान करना चाहिए।


"श्री नागेश्वरजी तीर्थ" में
श्री पूर्णानंद-ह्रींकार अतिथि भवन ट्रस्ट
गोडवाड़ भवन
42 कमरों की नई धर्मशाला
A/C रूम / सूट with Furniture
२४ घंटे सौर गर्म पानी की सुविधा
भवन के अंदर पार्किंग ★ वाजिब भाव, विनम्र स्टाफ !!!
संघ लेकर पधारने पर भव्य "रतन भोजन शाला" सहित सभी सुविधायें हैं
Mumbai : Kalyansha - 098200 34011
S.J.Ranka - 098203 53054
Nageshwar : Hemant - 095715 76631



64 Celebrating Glorious Years 1958-2023
हलकारा
ग्राहक शुल्क (डाक से) रु.

| | |
|---|---|
| 3 Years | ₹ 1800/- |
| 5 Years | ₹ 3000/- |
| 10 Years | ₹ 5500/- |
| Life Member | ₹ 15000/- |

ADVERTISEMENT RATE

| | |
|---|---|
| Front Page | ₹ 60/- Sq.cm |
| Last Page | ₹ 50/- Sq.cm |
| Inside Art Paper | ₹ 40/- Sq.cm |
| Inside B/W | ₹ 20/- Sq.cm |

102, Neelkamal Heights, Kastur Park, Shimpoli Road, Borivali (W), Mumbai - 400 092.
SJR : 098203 53054 / PJR : 098927 08483
E-mail : halkaramumbai@gmail.com



RANNKA DIGITAL
The revolution into digital world
DIGITAL MARKETING AGENCY
Unlocking Business Growth: Strategies for Success
OUR SERVICES:
- Social Media Marketing
- Web Design and Development
- Pay per Click Services
- Whatsapp Marketing
- SEO Optimization Services
- Graphic Designing Services
- E-commerce Marketing (Amazon, Flipkart, Meesho & more)
- Influencer Marketing

CONTACT US:
9819792798 / 9768351232
102, Neelkamal heights, Shimpoli Rd, Kastur Park, Borivali West, Mumbai, Maharashtra 400092
www.rannkadigital.com
info@rankadigital.com

## अरावली की गोद में हाथी पोल झरना कलकल बहती धारा ने जीता सैलानियों का मन

**सुमेरपुर** - बरसात की बूंदें जब अरावली की पर्वतमाला पर गिरती हैं तो यहां की पथरीली धरती से जैसे जीवन का संगीत फूट पड़ता है। रणकपुर-उदयपुर रोड पर रणकपुर से करीब 12 किलोमीटर आगे बसा यह हाथी पोल झरना इसी संगीत का अनमोल मोती बनकर बह रहा है। बारिश में हरे-भरे जंगलों से घिरा, चट्टानों से टकराकर गिरता निर्मल जल, पक्षियों की चहचहाहट और झरने की कलकल

आवाज सब मिलकर मन को ऐसी ठंडक देते हैं मानो गर्मी, थकान और भागदौड़ कहीं खो गई हो। झरने के आसपास धनी हरियाली, जंगली फूलों की महक और पहाड़ियों से टकराकर बहती हवा, यह सब मिलकर यहां आने वाले हर व्यक्ति के मन को नई ऊर्जा देते हैं। लोग यहां झरने के ऊपर नहाते हैं, ठंडी धाराओं को छूकर तरोताजा होते हैं और प्राकृतिक सुंदरता के बीच सेल्फी लेकर इन पलों को हमेशा के लिए सहेज लेते हैं। दूर-दूर से आने वाले राहगीर सड़क के किनारे रुककर कुछ देर के लिए इस सुंदर नजारे को देखकर आनंदित होते हैं।

## दुजाना गांव में बिजली की कटौती से ग्रामवासी परेशान

**सांडेराव** - दुजाना गांव, बिरामी, सिंदरू सहित सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में बिजली की बार-बार ट्रीपीट कटौती से ग्रामवासी परेशान है। बरसात के मौसम में रात को चार-चार, पांच-पांच घंटा लाइट नहीं आने से मच्छरों से लोग परेशान होकर मलेरिया का प्रकोष्ठ बढ़ गया। सांडेराव बिजलीघर के जेईएन को ग्रामवासियों ने कई बार लिखित मौखिक फोन कर उपभोक्ताओं ने समस्या बताई तो डिस्काउंट अधिकारियों की लापरवाही की वजह से दुजाना गांव में 10 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। जलदाय विभाग ने पानी नहीं आने की समस्या बताई तो जलदाय विभाग ने बताया की बिजली नहीं आने से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। ग्रामवासियों ने ऊर्जामंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर को ज्ञापन भेजकर मांग की बिजली की समस्या का तुरंत निष्ठाकरण नहीं किया गया तो मजबूरन ग्राम वासियों ने सांडेराव डिस्काउंट जे.ई.एन. कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। दुजाना गांव में बिजली की समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही बैठक कर किसान कांग्रेस जिला संयोजक शंकरलाल माली, ग्राम सेवा समिति अध्यक्ष कांतीलाल राजपुरोहित, ब्लॉक कांग्रेस सचिव डायाराम मीणा, मगनाराम मीणा कई ग्रामीणों ने विरोध किया।

## रावणा राजपूत छात्रावास में पौधारोपण



**फालना** - मिशन हरियालो राजस्थान अभियान के तहत रावणा राजपूत छात्रावास विकास संस्थान फालना में विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, छात्रों ने संकल्प लिया कि इन पौधों की नियमित देखभाल करेंगे।

छात्रावास अधीक्षक सुख सिंह खंगारोत ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ पौधा लगाना नहीं बल्कि भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है, ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक और पर्यावरण चेतना विकसित करने में मदद करते हैं। इस अवसर पर कोमल, रीतिक, विकास, लक्ष्मण सिंह चौहान, जयपाल सिंह, नरेंन, हिमांशु आदि विद्यार्थी उपस्थित थे।

## श्री सादडी राणकपुर जैन संघ पुना का सैंतीसवाँ स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

**सादड़ी**- राजस्थान के मारवाड़ की सांस्कृतिक नगरी सादड़ी से आकर पुना में बसे श्री सादड़ी राणकपुर जैन संघ का सैंतीसवां स्नेह सम्मेलन बहुत ही उत्साह व उमंग से धूमधाम पूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन में ऐसा प्रतीत हुआ कि सादड़ी के मिट्टी की खुशबू को जीवंत रखा सादड़ीवासियों ने।पिछले 37 वर्षो से यह सम्मेलन नियमित पूर्ण अनुशासन के साथ हो रहा हैं।

वर्धमान सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित सम्मेलन संघ के अध्यक्ष व शिक्षाविद सुभाष परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अतिथि माणिकचंद उद्योग समूह के चेयरमैन प्रकाश धारीवाल और केवल किरण क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत जैन उपस्थित थे।धारीवाल ने सादड़ी संघ के सदस्यों को बधाई दी और उनके संगठन व कार्यो की सराहना की।उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गौरव की बात है कि उन्होंने अपनी कर्मभूमि के साथ साथ मातृभूमि को भी भूले नही है।इस अवसर पर हेमंत जैन ने संघ के प्रतिभा संपन्न सदस्यों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें उद्योग व्यवसाय हेतु प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ साथ अपने पूर्वजों के व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहिए।

सम्मेलन के दौरान श्री सादड़ी राणकपुर जैन संघ की नूतन निर्देशिका डिरेक्टरी 2025 का विमोचन किया गया। इस निर्देशिका में सादड़ी वासी परिवारों के नये सदस्यों का परिचय, आपसी जानकारी, शैक्षणिक पात्रता, वैवाहिक संबंधों में वृद्धि आदि महत्वपूर्ण जानकारियाँ संकलित की गई हैं।इसका विमोचन भी सम्मेलन में हुआ।

सम्मेलन में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें ऐतिहासिक स्वराज से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक की घटनाएँ शामिल थीं। महाभारत, खेल का स्वाद, परंपरा से आधुनिकता, आनलाइन स्कैम- एक जाल आदि कार्यक्रमों में 200 से भी अधिक कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुति दी और दर्शकों को मोहित किया।

सम्मेलन में स्वागत व प्रस्तावना अमित मुथा व अंत में संघ के सचिव दिनेश भंडारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खुबीलाल राठौड़, गिरीश राठौड़, दिलीप सुंदेशा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

- दिपक जैन

## नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति

**खिंवाड़ा** - पिलोवनी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नवीन भवन निर्माण के साथ ही विभिन्न विकास कार्य को लेकर स्थानीय विधायक केसाराम चौधरी के नेतृत्व में पिलोवनी के ग्रामीणों ने गुरुवार को जयपुर में पंचायती राज व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को एक ज्ञापन देकर मांग की गई। जिस पर दिलावर ने पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। पिलोवनी सरपंच किशोरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि गुरुवार को पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के निवास पर विधायक चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के नवीन भवन की प्रमुख मांग थी। विधायक चौधरी के विशेष आग्रह पर दिलावर ने हाथों-हाथ ग्राम पंचायत की अनुमति देकर शीघ्र निर्माण कार्य शुरु करने के निर्देश दिए। राजपुरोहित ने



बताया कि मंत्री ने राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रिक्त पड़े प्रधानाचार्य, सभी विषयों के व्याख्याताओं के रिक्त पद शीघ्र भरने का आश्वासन दिया।

## पालरेचा परिवार निशुल्क कृत्रिम पाँव शिविर का आयोजन

**हुबली :** - आल इंडिया जैन यूथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर हुब्बली के तत्वावधान में श्री सिवांची ओसवाल संघ हुब्बली के अध्यक्ष महावीर पालरेचा ने उनके माताजी स्व सुखी देवी मगराज पालरेचा की प्रथम पुण्यतिथि व उनके पुत्र हितेश पालरेचा के जन्मदिन के अवसर पर दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम पाँव प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन किया जिसमें राज्य अलग अलग जिलों से दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव प्रदान किये गए।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि किम्स के नवनियुक्त डायरेक्टर डॉ ईश्वर होसमनी, शिविर आयोजक परिवार के महावीर पालरेचा, फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी ने दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव लगाकर किया।

अपने आतिथ्य उद्बोधन में किम्स के डायरेक्टर डॉ ईश्वर होसमनी ने कहा कि महावीर लिंब सेंटर पिछले कई वर्षो से अनवरत दिव्यांग सेवा में सदैव तत्पर है यह सेवा बहुत ही अनुकरणीय सेवा है साथ ही पालरेचा परिवार ने आज यह शिविर आयोजित किया है इससे सभी दानदाताओ को प्रेरणा लेनी चाहिए।

फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने अपने उद्बोधन में कहा की सिवांची ओसवाल संघ के पदाधिकारियों का महावीर लिंब सेंटर में पदार्पण होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है, सिंघी ने शिविर के आयोजन में सहयोग करने वाले पालरेचा परिवार के महावीर पालरेचा, हितेश पालरेचा सहित सभी का आभार जताया और पधारे सभी से निवेदन किया की वे समय समय पर पधारकर कर हमे अनुग्रहित करते रहे।

शिविर आयोजक परिवार के महावीर पालरेचा ने कहा की दिव्यांग सेवा करने की प्रेरणा हमें महावीर लिंब सेंटर द्वारा की जा रही सेवाओं के माध्यम से मिली है, पालरेचा ने सभी से निवेदन किया की सभी को दिव्यांग सेवा करने के लिए सदैव तन मन धन से अग्रणी रहना चाहिए।

फेडरेशन के कोषाध्यक्ष मानव संघवी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन के कार्यदर्शी प्रकाश कटारिया व सह कार्यदर्शी महावीर कुंदुर ने किया।

महावीर लिंब सेंटर के कन्वीनर सुभाष चंद्रा डंक ने पधारे सभी मेहमानों का आभार जताया।

इस अवसर पर सिवांची भवन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल पारेख, उपाध्यक्ष प्रवीण बागरेचा, सह सचिव नरेश मंडोत, संगठन मंत्री महेंद्र वेदमुथा, निदेशक भंवरलाल ढेलडिया, अशोक कानुगा, गणपत तातेड, जोमताराम रांका, महेन्द्र बागरेचा, महेंद्र मुणोत, गौतम बागरेचा, सिवांची के सदस्य डूंगर चंद बागरेचा, दीपचंद बागरेचा, सुरेश मेहता, दिनेश पालरेचा, मांगीलाल श्री. श्रीमाल, हितेश पालरेचा, भीमसिंह, रोहन काटवे सहित अन्य उपस्थित थे।

इस शिविर से प्रेरणा लेकर एस एम स्टील के कमलादेवी सुमेरमल वेदमुथा परिवार के महेंद्र वेदमुथा द्वारा आजीवन दानदाता के रूप में अपना योगदान देने की घोषणा की।

# ज़िंदगी के हर मोड़ पर सुरक्षा !

इंस्टेंट मेडिक्लेम कवर, बिना प्रतीक्षा अवधि के, आयु 0 से 65 वर्ष के लिए। कवर: 10 लाख से 3 करोड़ तक।

1 करोड़ लाइफ इंश्योरंस प्राप्त करें मात्र 15,000 रुपये में और मेचुरिटी पर प्रीमियम की वापसी।

अपने बच्चे को जीवन भर के लिए 50,000 रुपये का उपहार दें, मात्र 4,000 रुपये प्रति माह में।

भारत से बाहर यात्रा कर रहे हैं? मात्र 1000 रुपये में 1,00,000 डॉलर का ट्रेवल इंश्योरेंस प्राप्त करें।

Jewelry

सोने की रेट 2020 में 50,000 रुपये प्रति ग्राम थीं और 2025 में 1,00,000 रुपये प्रति ग्राम तक पहुंच गई हैं। ज्वेलरी डकैती के मामले बढ़ रहे हैं। अपने ज्वेलर्स को सुरक्षित करें, मात्र 12,000 रुपये सालाना में 1 करोड़ रुपये का स्टॉक कवर।

एक्सीडेंट ( फ्रैक्चर) हो गया और डॉक्टर ने 5 सप्ताह के लिए बेड रेस्ट बताया और आपकी इनकम हो गयी बंद? तो आपको मिलेगा 5000 रुपये हर सप्ताह, मात्र 200 रुपये प्रति माह पॉलिसी से।



G. M. Dagliya
Gold Medalist
Double T.O.T - U.S.A

NICE™
INSURANCE LANDMARK

One Stop Insurance Solution in India !

Since 40 Years | 30000+ Happy Clients | 12000+ Claims Solved
Policies : Health | Jewellers | Factory | Building | Life | Travel

हमारी सेवाएं पूरे भारत में ऑनलाईन द्वारा ले सकते है।

300 से अधिक एवार्ड विजेता | क्लेम सर्विस 100% गारंटी पुरे भारत में



Chirag Dagliya
MBA, Harvard Uni. Cert.,
Double T.O.T - U.S.A

Shreepati Aradhana, A-801 / 802 / 803, 8th Floor, Dr. A. M. Road, Kabutar Khana, Marine Lines (E), Mumbai - 400 002.
info@niceinsure.com www.niceinsure.com 022-4609 00 22 / 23 / 24 Market Intercom: 5050

98690 50031 98692 30444

## सिरोही में बालिकाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**सिरोही** - देवनगरी सिरोही की बालिकाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सराहनीय अभियान की शुरुआत की गई है। 'सुरक्षित बेटी, सशक्त भारत' नामक पहल के तहत पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पीडब्ल्यूडी विभाग की सहायक अभियंता रूप कुंवर राणावत ने विशेषज्ञ के रूप में वार्ता दी। प्रधानाचार्य हीरा खत्री व पीएम श्री योजना प्रभारी गोपाल सिंह राव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को यातायात नियमों, सड़क पर सतर्कता बरतने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, तथा सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना रहा।

इस पहल में ट्रैफिक पुलिस, महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ और समाजसेवी संस्थाओं का भी विद्यालय संयुक्त रूप से सहयोग ले रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को न केवल थ्योरी बल्कि सड़क पर चलते व वाहन चलाते समय दिखने वाले सभी संकेतों को लेपटॉप पर व्यवहारिक रूप से भी प्रशिक्षित किया। बालिकाओं को सिखाया गया कि किसी आपात स्थिति में वे किस तरह से अपनी सुरक्षा कर सकती हैं। हेल्पलाइन 'सुरक्षित बेटी, सशक्त भारत' के तहत कार्यक्रम नंबरों का प्रयोग कैसे करें और सजगता से सड़क पार करें। वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों को मानने तथा नियमों के उल्लंघन पर क्या क्या सजा है यह जानकारी दी गई।

विद्यालय की छात्रा रक्षा माली ने कहा, "हमें आज पहली बार समझ में आया कि सड़क पर छोटी-छोटी लापरवाही कितनी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। सत्र हमारे लिए बहुत उपयोगी रहा। कार्यक्रम में अनिता चौहान, वर्षा त्रिवेदी, सुमन कुमारी, महेंद्र प्रजापत, भगवत सिंह, देवी लाल, पारस राजपुरोहित, कल्पना चौहान, जया दवे, कुसुम परमार, श्रद्धा सिंदल आदि मौजूद रहे।

## फर्जी तरीके से मंदिर की भूमि हड़पने का आरोप



**कालंद्री** - फलवदी स्थित श्री वाराही माता मंदिर जो तंवरी, आकुना व फलवदी का रावल ब्राह्मण समाज का सामूहिक मंदिर है। जिसका निर्माण तीनों गांवों के रावल ब्राह्मण समाज की पुश्तैनी जमीन पर कराया गया था। इसका प्रमाण आज भी मंदिर परिसर में शिलालेख के रूप में मौजूद है। तब से लेकर आज तक तीनों गांवों द्वारा संचालन किया जा रहा है। जिसमें कुछ लोगों द्वारा फर्जी संस्थान की आड़ में मंदिर व परिसर की भूमि पर अवैध कब्जा करने कीकोशिश की जा रही है। मंदिर व परिसर की भूमि का खसरा संख्या 643 की भूमि को फर्जी संस्था के नाम आवंटित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

कुछ लोगों ने फर्जी संस्थान का पंजीकरण कराने तथा मंदिर भूमि को आवंटित कराने के लिए ग्राम पंचायत में दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र से लिया गया। जिसको ग्राम पंचायत ने जांच पड़ताल कर अनापत्ति प्रमाण पत्र को खारिजकर दिया। इसको लेकर गुरुवार 17 जुलाई को तीनों गांवों के समाज बंधुओं ने कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया।

## जाखोड़ा में लगाए दो नए ट्रांसफार्मर

**सुमेरपुर** - जाखोड़ा गांव में लंबे समय से चल रहीं बिजली समस्या का समाधान हो गया हैं। बिजली विभाग ने शुक्रवार को दो नए ट्रांसफार्मर लगवाकर ग्रामीणों को राहत दी हैं। ग्रामीण जेईएन डुंगरराम गहलोत ने बताया कि माताजी मंदिर जाखोड़ा व मेघवाल का वास मानसरोवर कॉलोनी में नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। पहले ज्यादा लोड़ होने पर बार-बार बिजली की समस्या बनी हुई थी। जिसका निस्तारण किया गया। गांव के इन्द्रसिंह ने बताया कि बिजली समस्या को लेकर मंत्री जोराराम कुमावत के गांव में पानी टंकी भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव वालों ने समस्या बताई थी। ग्रामीणों ने बताया था कि माताजी मंदिर जाखोड़ा में लगे ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने से वोल्टेज कम आते हैं। मेघवाल का वास मानसरोवर कॉलोनी जाखोड़ा में भी वोल्टेज की समस्या बनी हुई थी। जिससे बार-बार बिजली की समस्या खड़ी हो रहीं थी। जिस पर मंत्री ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को कहकर जाखोड़ा के लिए दो नए ट्रांसफार्मर स्वीकृत करवाए थे। ग्रामीणों ने मंत्री कुमावत व बिजली विभाग का आभार जताया।

## सिरोही जिला को रेल नेटवर्क से जोड़ें



**आबूरोड** - सांसद लुंबाराम चौधरी ने उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के महाप्रबंधक अमिताभ से मुलाकात की। सांसद ने संसदीय क्षेत्र सिरोही के रेल संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य को जल्द से जल्द करने को कहा। सांसद ने बताया कि सिरोही जिला केन्द्र आजादी के 76 वर्षो के बाद भी रेलवे नेटवर्क से नही जुड पाया हैं। सिरोही वासियों को आज तक रेलवे नेटवर्क से जुड़ने का इंतजार है। सांसद ने बताया कि सिरोही की जनता को ट्रेन पकडने के लिए 30 कि.मी दूर पिण्डवाडा रेलवे स्टेशन अथवा राजधानी और सुपर फास्ट ट्रेन पकड़ने के लिए आबूरोड 75 कि. मी दूर जाना पड़ता है। वही दूसरी तरफ बागरा रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 60 कि.मी है।

दो करोड़ मंजूर सांसद ने कहा बागरा सिरोही स्वरूपगंज नई रेललाइन के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए 2 करोड 40 लाख रूपय मंजूर हो गया है। इस सर्वे कार्य को जल्द से जल्द करवाए। सांसद ने कहा रेलवे लाइन के बनने से अल्ट्राटेक सिमेंट जे. के सीमेंट सहित पंन्द्रह बडी उद्योगो को निर्यात करने मे काफी सुविधा होगी। इस रूट में सिरोही पंचायत, शिवगंज पंचायत और रेवदर पंचायत पर लगभग आठ हजार लघु और मध्यम उद्योग प्रस्तावित है।

ग्रेनाइट उद्योग को मिलेगा नया आयाम सांसद ने कहा बागरा में बड़ी संख्या में ग्रेनाइट कटाई और प्रसंस्करण इकाइयां हैं, यह देश का ग्रेनाइट उद्योग का महत्वपूर्ण केंद्र है। बागरा रेलवे स्टेशन पर एक नया गुड्स प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है, जिससे ग्रेनाइट उद्योग को माल परिवहन में सुविधा होगी। वही दुसरी तरफ स्वरूपगंज रेलवे फ्रेट कॉरिडोर, जिसे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का हिस्सा है अतः बागरा से स्वरूपगंज रेलवे लाइन होने से ग्रेनाइट उद्योग को एक नया आयाम मिलेगा। यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## ग्रामीणों की समस्या सुलझाएं : जिला कलेक्टर

**जालोर** - राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली "अटल जन सेवा शिविर" के तहत जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं को समीक्षा बैठक तथा जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक में आमजन की परिवेदनाएँ सुनकर उनका निस्तारण किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने रास्ते से अतिक्रमण हटाने, चामुंडा माता मंदिर रोड़ पर होने वाली जलभराव समस्या को दूर करने, सीवरेज लाईन को दुरूस्त करने, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र प्रजापति, सतर्कता शाखा के अनिल कुट्टी सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

संबंध
WE HELP MAKE RELATIONS

श्री आत्मवल्लभ जैन सेवा मंडल
सादड़ी (राणकपुर) की पहल

स्वागत है आपका 'AVJSM' - संबंध वॉट्सऍप ग्रुप पर
मारवाड़ी जैन समाज के विवाह योग्य
लड़कों व लड़कियों की जानकारी हेतु बनाया गया ग्रुप.
आप एक या ज्यादा लड़के या लड़कियों का
परिचय पत्र देकर इस ग्रुप के सदस्य बन सकते हैं.

आत्म वल्लभ
a v j s m
संबंध

8433555457 (Virendra Jodhavat)
8433555458 (Babu Gungalia)

Contact between : 11.00 am to 2.00 pm
Email.: sambandhavjsm@gmail.com

10 वीं पुण्यतिथि पर

# भावपूर्ण श्रद्धांजली



# स्व. जयचंद्रजी फूटरमलजी बाफना

सादड़ी (राणकपुर) / अंधेरी (मुंबई) • स्वर्गवास - 26 जुलाई 2015

परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी ।।
ऐसी आपकी दिव्य आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि ।।

आपका स्वप्न - हमारा संकल्प आपके आदर्श
- हमारी दिशा आपकी प्रेरणा - हमारा पाथेय

**श्रद्धावनत**

पुत्र-पुत्रवधु : बसंत - दक्षा, अशोक - शर्मिला, किशोर - मीना
पुत्री-जमाई : कुसुम - भंवरलालजी रांका, शकुंतला - चम्पालालजी भंडारी
एवं समस्त बाफना परिवार, सादड़ी (राणकपुर)

JOYO Jewel JOYFUL Jayco

# श्री वरकाणा पार्श्वनाथ तीर्थ में गुरुपूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**सादड़ी** - वरकाणा तीर्थ में हर महीने की तरह इस महीने भी बाजते - गाजते - हर्षोल्लासित सम्पन्न हुई ! आषाढ़ मास की पूर्णिमा महोत्सव के आजीवन लाभार्थी परिवार मातुश्री पंपूबेन घीसुलालजी बदामिया परिवार सादडी निवासी (CELLO GROUP) है। इस पूर्णिमा महोत्सव को गुरुपूर्णिमा महोत्सव भी कहते है। तीर्थ अध्यक्ष श्री रमेशजी कोठारी, उपाध्यक्ष श्री प्रकाशजी चौपडा, कोषाध्यक्ष श्री बस्तीमलजी बोराणा, सचीव श्री अशोकजी तापडिया, उपसचिव श्री निर्मलजी ढेलरिया वोरा, श्री छगनजी छाजेड, श्री भरतजी कोठारी, श्री कपूरजी बलदौटा, श्री मुकेशजी मेहता, श्री दीपचंदजी पुनमिया की उपस्थिति सभा मंडप मे दर्ज हुई। अध्यक्ष महोदय श्री रमेशजी कोठारी ने पधारे हुए सभी भक्तों का स्वागत किया हर महीने पाली से पधारने वाले भक्तों की अनुमोदना की।

उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर सभी प्रवासियों को गांवों में वोट बैंक से जुड़ने का आग्रह किया, तीर्थ में चल रहे 51000 हजार के साधारण खाते के फंड में ज्यादा से ज्यादा नाम लिखाने की विनंती की। ढालोप (रानी) निवासी श्री घेवरचंदजी निहालचंदजी राठौड ने 51000 रुपये का नाम दर्ज कराकर अपने लक्ष्मी का सदुपयोग किया।

मंच का संचालन श्री भरतजी कोठारी ने गुरुदेव के जयकारों के साथ किया व गुरुपूर्णिमा के इस महोत्सव पर गुरुदेव को याद किया। इस महोत्सव पर संघ पूजन का लाभ ट्रस्टी महोदय श्री मुकेशजी मेहता ने लिया व पधारे हुये सभी भक्तों ने स्वामीवात्सल्य का लाभ लेकर गुरुपूर्णिमा महोत्सव की पूर्णाहुती की।

# चातुर्मास का आयोजन बना आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र

**रेवदर** - श्री मनोरमा गोलोक तीर्थ धाम, नंदगांव में परम श्रद्धेय गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंद महाराज की दिव्य निश्रा में चल रहा गो गोवर्धन कृपा चातुर्मास आराधना महोत्सव श्रद्धा, साधना और सेवा का अनुपम संगम बन गया है। महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं।

प्रबंध न्यासी ब्रह्मदत्त पुरोहित नानरवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से नित्य स्तुति, प्रार्थना, ध्यान, जपयज्ञ और प्राणराम आराधना के साथ दिन की शुरुआत होती है। इसके पश्चात प्रातः 7 बजे सुरभि हरिहर महापूजन, गोसेवा व गोदर्शन से श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। प्रातः 9 बजे सत्संग ध्यान का शुभारंभ होता है, जिसमें परम श्रद्धेय स्वामी दत्तशरणानंद महाराज स्वयं 'गो महिमा दत्तवाणी सत्संग' के अंतर्गत श्रद्धालुओं को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। मध्याह्न 1 बजे हरिहर कथा



सत्संग भक्ति रस से सराबोर कर देता है। अपराह्न 5 बजे पुनः जपयज्ञ और सायं 7 बजे गो गोवर्धन आरती, हरिनाम संकीर्तन एवं ध्यान के साथ यह दिव्य दिनचर्या संपन्न होती है। पुरोहित ने कहा कि यह महोत्सव केवल भक्ति और साधना का ही नहीं, बल्कि गौ सेवा और आत्मिक शुद्धि का भी उत्सव बन गया है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से कर्मचारी की गई जान

**पाली** - पाली शहर में एक दर्दनाक हादसे में सार्वजनिक निर्माण विभाग में कार्यरत कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना पाली के मिल गेट पुलिस चौकी के पास स्थित एक कैबिन के बाहर हुई, जहां कर्मचारी सोया हुआ था, हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बांगड हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 35 वर्षीय मिठूसिंह पुत्र प्रतापसिंह के रूप में हुई है, जो पीडब्ल्यूडी में कार्यरत था।

बताया गया कि मिठूसिंह रात करीब दो बजे घर से बिना किसी को बताए निकला और मिल गेट चौकी के पास एक केबिन के बाहर सो गया था। जब उसका भाई चिमनसिंह से उठाने के लिए पहुंचा और हाथ लगाया, तो उसे करंट का झटका लगा। इसके तुरंत बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने विगले विभाग को सूचित कर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद करवाई और शव को अस्पताल भिजवाया। डाक्टरों ने बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड में जांच के बाद मिठूसिंह को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मिठूसिंह की मौत करंट लगने से हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है कि करंट की चपेट में आने का कारण क्या था और केबिन के बाहर ऐसा कोई स्रोत था जिससे यह हादसा हुआ।

# स्कूल जाना जरूरी है...

## बच्चों को कंधों पर बिठा रस्से के सहारे नदी पार करवाई

**देसूरी** - काणा बांध ओवरफ्लो होने से दुदापुरा और काणा गांव के बीच संपर्क कट गया है। नदी वेग से बह रही है। पुल का निर्माण अधूरा होने से नदी पार कर जाना पड़ रहा है। सबसे बड़ी परेशानी काणा गांव के 60 से ज्यादा बच्चों के लिए खड़ी हो गई, जो दुदापुरा और घाणेराव के स्कूलों में पढ़ते हैं। ग्रामीणों ने नदी के दोनों किनारों पर रस्सी बांधकर बच्चों को कंधों पर बैठाकर नदी पार करवाई। बीमार लोगों को देसूरी, नारलाई और सादड़ी अस्पताल ले जाने में भी परेशानी हो रही है।





बारिश से 3 माह पहले तोड़ दिया था पुराना पुल ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह पहले ठेकेदार ने पुराना पुल तोड़ा तब ग्रामीणों ने विरोध किया था। नए पुल अब तक नहीं बन पाया। प्रशासक दौलत राईका ने कहा कि ठेकेदार को बारिश को ध्यान में रखकर काम करना था। पीडब्ल्यूडी के एईएन पेमाराम ने कहा कि दुदापुरा के बीच पुलिया का निर्माण पानी की आवक होने से बाधित हुआ। अस्थाई पुलिया का निर्माण पाइप डालकर शीघ्र कि या जाएगा।

# श्री खेतेश्वरधाम काशीमीरा आश्रम भाईंदर ठाणे 57 वीं पदयात्रा सम्पन्न

**खरोकडा** - गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर काशीमिरा खेतेश्वर आश्रम द्वारा 57 वीं यात्रा धूमधाम से निकाली गई। भाईंदर पश्चिम से खेतेश्वर चौक से पैदल यात्रा निकालते हुए भाईंदर पूर्व से सभी भक्तों ने जय खेतेश्वर के जयकारें लगाते हुए काशीमीरा खेतेश्वर आश्रम मंदिर पहुंचे, वहां पहुंचते हुए आरती हवन इत्यादी कार्यक्रम हुए। अशोक राजपुरोहित खरोकडा ने बताया कि यात्रा के लाभार्थी शेरसिंह, अभय सिंह पुत्र नरपतसिंह राजपुरोहित बाडवा का स्वागत सभी यात्रा में सभी समाजबंधु यात्री पधारे यात्रा में काफी नए कार्यकर्ता भी जुड़े उनका हौसला घेवरसिंह नोरवा ने बढ़ाया। पैदल यात्रा की मासिक पूर्णिमा यात्रा के 5 साल हुए। खेतेश्वर आश्रम यात्रा में सभी पहुंचे यात्रियों, भक्तों ने चाय नाश्ता समाज बंधुओं ने किया।

इन सभी व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं का दिल से आभार व्यक्त किया और भविष्य में सात्विक समाजहित के कार्यो को सार्थक कैसे करे उस पर जोर दिया। समाज बंधुओं ने समाज में व्याप्त नेगेटिव विचार खत्म हो और समाज संगठित रूप से प्रगति के साथ आगे बढ़े, ऐसी कामना सभी पैदल यात्रिओं द्वारा की गई। अंत में शेर सिंह बाडवा ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# शैलेंद्रसिंह इंदौलिया होंगे जालोर के नए एसपी



**जालोर** - राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के 91 अफसरों के तबादले किए हैं। जालोर से एसपी ज्ञानचंद्र यादव का तबादला किया है। इनकी जगह शैलेंद्र सिंह इंदौलिया को जालोर का नया एसपी बनाया गया है। राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने एक साथ 91 आईपीएस अफसरों के तबादलों की सूची जारी की। यह लिस्ट संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह ने यह सूची जारी की। जिसमें पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर शैलेन्द्र सिंह इंदौलिया को हटा कर जालोर एसपी के पद पर नियुक्त किया है।

# छात्रावास भूमि पर पौधारोपण

**बाली** - क्षत्रिय सरगरा समान विकास समिति खुडाला फालना के तत्वावधान में छात्रावास भूमि पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। समिति के अध्यक्ष दिनेश सरगरा ने पौधारोपण कर हर सदस्य को अपने-अपने घर और क्षेत्र में पौधा रोपण कर उनकी देखरेख करने सहित पालन पोषण करने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि हमारा यह मनुष्य जीवन पेड़ पौधों पर निर्भर है। इनके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है।

संरक्षक मनोज सोलंकी ने बताया की पेड़ों से ही हमें जीवन दाहिनी वायु मिलती है। इसे अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका ख्याल रखना चाहिए और वे पेड़-पौधे मौजूद है उनका रख रखाव किया जाए। इस मौके पर मांगीलाल, पुखराज, अंगाराम वलायम, जीवाराम, रमेश कुमार, राकेश चौहान, अमृत भंदेशा, पुखराज, देवाराम, मुकेश मारू, प्रताप चौहान, राजेश सोलंकी, महेंद्र, मनीष परमार, रवि भूराचन, रवि दत्ता, मदनलाल सहित सदस्यगण मौजूद थे।

## बुढापा न आए तब तक धर्म ध्यान करते रहें : जैनाचार्य डॉ. श्री शिवमुनि

आचार्य सम्राट डॉ. श्री शिवमुनि जी म.सा. ने आज के उद्बोधन में फरमाया कि एक चिकित्सक का लक्ष्य होता है कि मैं रोगी व्यक्ति का उपचार कर उसका रोग ठीक करूं, एक व्यापारी का लक्ष्य होता है कि मैं अच्छा लाभ कमाऊं और एक विद्यार्थी का लक्ष्य होता है कि मैं परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करूं, इसी प्रकार एक गृहिणी का लक्ष्य होता है कि वह परिवार की सेवा करे, घर में कोई साधु या मेहमान आए तो अच्छा भोजन बनाकर दूं। इस प्रकार एक गृहिणी भी रसोई के द्वारा भोजन करवाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

उन्होंने आगे फरमाया कि व्यक्ति जब वाहन से सड़क मार्ग से कहीं यात्रा पर जाते हैं और जब कोई उसे साधु चलता हुआ दिखाई दे तो रूक कर साधु को प्रासुक जल, आहार देते हैं तो बहुत बड़े पुण्य के भागीदार बन सकते हैं और अपने कर्मो को निर्जरित कर सकते हैं।

आचार्य भगवन ने फरमाया कि जैसे सुबह का सूरज मनमोहक लगता है वैसे ही बचपन अच्छा लगता है बच्चे सबको अच्छे लगते हैं, दोपहर सूरज की धूप आ जाती है तो सूरज को देख नहीं सकते वही सूरज शाम को ढल जाता है। ऐसा ही बचपन, जवानी और बुढ़ापा शरीर की स्थिति है। इस शरीर का कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। भगवान की वाणी कहती है कि जब तक बुढ़ापा नहीं आता, इन्द्रियां शिथिल नहीं होती, शरीर में आधि-व्याधि नहीं होती तब तक धर्म करना चाहिए। धर्म का मतलब आकार में निराकार आत्मा में आओ, जीव को जीव में स्थित करो। संसार के लिए समय निकालते हो तो कम से कम अपने लिए अपनी आत्मा के कल्याण के लिए समय निकालो वही असली कमाई है।



प्रमुख मंत्री श्री शिरीष मुनि जी म. सा. ने फरमाया कि अपनी आत्मा पर श्रद्धा हो श्रद्धा के बाद इस बाह्य शरीर को अंतर तप से तपाना है। बाह्य और आभ्यंतर तप का धारक साधक मन और पांचों इन्द्रियों पर संयम करता है। ये पांचों इन्द्रियां और छठा मन अगर इनको खुला छोड़ दिया तो चार गति में भटकाएंगे। इनको नियंत्रित करना है और वह स्वाध्याय व ध्यान के द्वारा ही संभव है।

युवा मनिषी मधुर गायक श्री शुभम मुनि जी म.सा. ने "पायो जी मैंने आत्म दर्शन पायो" समधुर भजन की प्रस्तुति दी।

## समस्या में समाधान

एक दिन महात्मा बुद्ध जब शिष्यों की सभा के बीच पहुंचे, तो उनके हाथ में कपड़े का एक टुकड़ा था। आमतौर पर वह अपने पास कुछ भी नहीं रखते थे। यह देख शिष्य हैरान थे। एक शिष्य ने देखा कि आसन पर बैठने के बाद बुद्ध ने उस कपड़े में थोड़ी-थोड़ी जगह छोड़कर पांच गांठें लगा दीं। फिर उन्होंने शिष्यों से पूछा, 'क्या गांठ लगाने के बाद भी कपड़ा वैसा ही है, जैसा गांठ लगाने के पहले था ? एक शिष्य ने कहा, 'तथागत, कपड़ा वही है, क्योंकि इसके मूल तत्व में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। हां, गांठ लगने से उसका स्वरूप जरूर बदल गया, लेकिन उसकी मूल प्रकृति नहीं बदली है। इसका केवल बाह्य रूप ही बदला है।' बुद्ध अब गांठें खोलने के लिए दोनों सिरों को खींचने लगे। शिष्य बोला, 'तथागत, इस तरह तो ये गांठें और भी कस जाएंगी। ऐसा करने से गांठें खुलेंगी नहीं।' बुद्ध बोले, 'तो फिर गांठों को खोलने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?' शिष्य ने कहा, 'इसके लिए पहले देखना होगा कि ये गांठें लगाई कैसे गई हैं। इसके बाद इन्हें खोलना आसान हो जाएगा।' बुद्ध मुस्कुराए और बोले, 'यही तो मैं बताना चाहता था कि जिस समस्या में तुम पड़े हो, उससे बाहर निकलने के लिए जानना जरूरी है कि समस्या में कैसे पड़े।' शिष्य इस बात को समझ चुके थे कि समस्या के कारणों को खोज लें तो समस्या का समाधान निकालना आसान हो जाता है। यानी मूल कारण है समस्या।



**- संकलन : ललित गर्ग**



जीवन में सिद्धि और पूर्णता के लिए भगवान का स्मरण करना चाहिए। उनके स्मरण मात्र से सभी प्रकार की बाधाओं का शमन होता है। सत्पुरुषों का कहना है कि श्रीमद्भागवत केवल शब्द नहीं है, अपितु भगवान का वांग्मय विग्रह है। जब जीवन में व्याकुलता-उन्माद आए तो उसकी निवृत्ति के लिए कथा एक औषधि है। श्रीमद्भागवत कथा हमारी दिव्यता और संपूर्णता के प्रकाशन के लिए है। कथा हमारे अस्तित्व को प्रकाशित करती है। कथा अमृत है, इसे केवल सुनना नही है, ग्रहण करना है। हमारी प्रार्थनाएं केवल हमारे लिए नहीं, अपितु जगत के कल्याण के लिए है। समस्त दुःखों की जड़ आत्म-विस्मृति है। इस जगत में केवल परमात्मा ही सत्य है।

मनुष्य केवल सुख पाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। हम नश्वर जगत में और नाशवान वस्तु पदार्थ और घटनाओं में सुख ढूंढ रहे हैं। जहां से हमें सुख प्राप्त होता है, उनसे हमें राग है और जहां से दुःख मिल सकता है, वहां से द्वेष है। मन का स्वभावतः अनित्य पदार्थों की ओर लगाव ही अविद्या है। अज्ञान के कारण ही जीवन की सारी समस्याएं हैं। अनियंत्रित मन ही हमारे बंधन का कारण है। इसलिए मन को शिक्षित और संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। श्रीमद्भागवत हमें सत्य में प्रतिष्ठित करती है। महापुरुषों की संगति जीवन में बड़े परिवर्तन का कारण बनती है।

जैसे दीप जलाने से अंधकार का नाश होता है, उसी प्रकार गुरु परंपरा का स्मरण करने से अज्ञान का नाश होता है। मनुष्य होना, आत्मोद्धार की भावना और महापुरुषों का नित्य संग यह भगवत्कृपा का ही फलादेश है। जीवन में गुरु के आने से दुर्बोध सुबोध होने लगता है और अप्राप्य वस्तु सहज ही प्राप्त हो जाती है। आनंद इंद्रियों में नहीं और न ही जगत की स्मृति में है, अपितु भगवदीय स्मृति में है। वाणी को सत्यनिष्ठ बनाइए, उसमें माधुर्य लेकर आइए। भगवद् प्राप्ति ही मनुष्य जीवन का एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए। भगवद् प्राप्ति के अतिरिक्त मनुष्य जीवन का अन्य कोई लक्ष्य नहीं है। जैसे समस्त नदियां सागर की ओर जा रही हैं, वैसे ही सभी संप्रदायों का हेतु परमात्मा ही है। इसलिए अपने गुरु द्वारा उपदेशित मार्ग का अनुसरण करें और सांप्रदायिक निष्ठा रहे। साधनों की प्रचुरता में परमात्मा का स्मरण करना चाहिए। जो अपने माता-पिता का आदर नहीं करते, भगवान उनसे कभी प्रसन्न नहीं होते। इसलिए माता-पिता और गुरु को सदैव प्रसन्न रखें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज**

## घर में कौनसा पौधा लगाना होता हैं शुभ।

- तुलसी : शुभ नेगेटिव एनर्जी नाशक !
- बेल : शुभ मां लक्ष्मी का वास !
- शमी : शुभ शनि का प्रकोप कम होता है !
- अश्वगंधा : शुभ वास्तु दोष समाप्त होता है !
- आंवले : शुभ कस्ट का निवारक !
- अशोक के वृक्ष : शुभ शोकों से मुक्ति !
- श्वेतार्क : शुभ बरकत बनी रहती है !
- गुडहल : शुभ सारे संकटों से मुक्ति !
- केला : शुभ घर में धन की वृद्धि !
- बांस : शुभ उन्नति एवं समृद्धि का प्रतीक !
- मनीप्लांट : शुभ सुख समृद्धि का वास।

## मध्यमवर्गीय परिवार जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन के 10 सूत्र अपनाएं

**सरकार से कुछ भी मिलने वाला नहीं हैं, यह तय है तो क्यों न हम अपनी जीवनशैली में कुछ क्रांतिकारी बदलाव लाएं ?**

- अनावश्यक खर्चे में तुरंत कटौती करें।
- शादी-ब्याह एकदम सादगी से करें।
- अनावश्यक धार्मिक व सामाजिक आयोजन नहीं करें।
- अनावश्यक आने- जाने, घूमने-फिरने आदि पर रोक लगाएं।
- अनावश्यक शॉपिंग उधार लेकर अथवा EMI के सहारे कतई ना करें।
- लोग क्या कहेंगे इसकी चिंता न करें व भविष्य के लिये संचय करें।
- अपनी औकात एवं हैसियत के अनुसार चलें।
- उपर शेरवानी- अंदर परेशानी को निमंत्रण न दें।
- हमें मूलभूत परिवर्तन करना होगा. इच्छाओं को त्याग कर हकीकत में रहना होगा।
- रोने-धोने से कुछ भी हासिल नहीं होगा. हमें अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी।

# रात में जागना सेहत को नुकसानदायक

यह जानने के बावजूद भी रात सोने के लिए होती है और दिन काम करने के लिए, कई बार ऐसी मजबूरी आ जाती है कि न चाहते हुए भी हमें रतजगे करने पड़ते हैं। नौकरी में नाइट शिफ्ट या किसी अन्य कारण से अगर हमें रतजगे करने पड़ें, तो इससे सेहत को होने वाले नुकसान की भरपायी कैसे करें? इसके लिए हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, नेशनल स्लीप फाउंडेशन और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली ने कई ऐसे उपाय सुझाए हैं, जिससे लोग रात में जगने के कारण अपने स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। एंकर स्लीप का मतलब होता है 4-5 घंटे तक लगातार सोना। अगर आपको रात में जगना पड़ रहा है, तो दिन में जब भी सोएं कोशिश करें कि 4-5 घंटे की नींद एक साथ लें। वास्तव में यही आपकी मुख्य नींद मानी जाएगी। कोशिश करें कि यह नींद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच हो। दरअसल इस समय शरीर कुदरती रूप से थकता है और इस समय आने वाली नींद प्राकृतिक नींद के जैसे होती है यानी इसकी गुणवत्ता किसी हद तक रात की नींद के माफिक होती है। अगर रात में नहीं सो पा रहे, तो सिर्फ दिनभर जरूरी नहीं है कि दिन में नींद ले बल्कि यह भी जरूरी है कि दिन में जब भी सोएं, आपके सोने का एक हेल्दी माहौल होना चाहिए। हेल्दी माहौल से मतलब है, दिन में जब सोएं तो सोने की जगह ऐसी हो, जहां अंधेरा हो, ठंडक हो और शांति हो। अगर जरा भी इन स्थितियों में कमी हो तो आंखों पर स्लीप मास्क और कानों में ईयर प्लग लगाकर सोएं।

रात की शिफ्ट के दौरान अगर संभव हो तो 20 मिनट या आधे घंटे की कम से कम एक 'पावर नैप' या नींद की तेज झपकी जरूर ले ले। क्योंकि अगर ऐसी एक झपकी ले ली जाए तो इससे न केवल रात में जगने के दौरान सतर्कता बनी रहती है बल्कि किसी हद तक दिन में सोते समय रात की नींद की कमी भी पूरी हो जाती है। 'पावर नैप' कुछ ही मिनटों की होने के बावजूद यह अच्छी गुणवत्ता की नींद देती है। इसी तरह अगर रात में जगने के कारण दिन में नींद आने में दिक्कत हो तो अपने डॉक्टर से मिले। लगातार नाइट शिफ्ट में जगना पड़ रहा है, तो सिर्फ दिन के समय रात की नींद की भरपायी नहीं करनी होती बल्कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। इसके लिए नियमित रूप से ध्यान करें, योगाभ्यास करें, नियमित रूप से हल्की कसरत करें और परिवार के साथ अपना गहरा जुड़ाव बनाए रखें।

**- डॉ. माजिद अलीम**



# विश्व के जैन जगत में प्रथम बार एक अनूठा सामूहिक स्वर्णसीढी प्रोग्राम वह भी "तीसरी पीढी द्वारा"




(किल्लर जीन्स के प्रबंधक श्री हेमंत जैन का बहुमान)

**पुणे** - पुणे का मरुधर जैन ग्रुप जिसकी स्थापना वर्ष 2004 में हुई. ग्रुप स्थापना का मुख्य उद्देश्य था कि राजस्थान के विभिन्न गांवों के व्यवसाय हेतु पुणे में रह रहे विभिन्न व्यवसाय के हम उम्र मिलनसार मित्रो का एक ग्रुप बनाना, जिससे उन्हें व्यवसाय में मदद मिले व आपसी मिलन से एक दूसरे के बच्चों के सगाई संबंध रिश्ते में मदद हो सके व आपस में मिलकर तीर्थ स्थान व पिकनिक पर जा सके.

आज इस ग्रुप में 50 दंपति व 5 एकल सदस्यों का एक प्रतिष्ठित ग्रुप बन गया है, जो ग्रुप के लिए गौरव की बात है.

आज ग्रुप दो दशक से ज्यादा समय से सुचारू रूप से चल रहा है, अतः ग्रुप ने इस 21 वे गौरवशाली वर्ष निमित्त सभी भूतपूर्व सहित वर्तमान अध्यक्ष का अभिनन्दन समारोह करने का निश्चय किया. साथ ही साथ विचार विमर्श किया कि अपने जैन समाज में 4थी पीढ़ी के परिवार के परपौत्र या परपौत्री द्वारा परदादा-परदादी का स्वर्णसीढ़ी प्रोग्राम कर आनंदोत्सव पारंपरिक ढंग से मनाया जाता है, उस समय परपौत्र की उम्र ज्यादातर 1 वर्ष की अंदर ही होती हैं, इसमें परपोत्र इस विधि से पूर्णतया अनभिज्ञ होता है. वैसे आज के युग में चौथी पीढ़ी बहुत ही कम के भाग्य में मिलता है.

ग्रुप के मित्रों ने तीसरी पीढ़ी यानी पौत्र-पौत्री व दौहित्र-दोहित्री द्वारा उनकी अपनी समझ में अपने मम्मी-पापा के समक्ष इस जैन समाज की पारंपरिक रिवाज को कर सके, **प्रथम प्रयास में सामूहिक स्वर्णसीढ़ी** का समाज में नई जागृती हेतु एक भव्य समारोह आयोजित किया. सभी 17 स्वर्णसीढ़ी होने वाले अपने परिवारसह व ग्रुप के सभी सदस्यों ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में उत्साह से सभी शामिल हुए जिससे यह प्रोग्राम बहुत ही सफलता पूर्वक राजयोग लॉन्स पूणे में पूर्ण राजस्थानी थीम पर आधारित पत्रिका, बैनर, स्टेज व डेकोरेशन व राजस्थानी गीत म्युझिक व संगीतमय वातावरण में कार्यकारिणी सदस्यों के मेहनत से सुसम्पन्न हुआ.

सभी स्वर्णसीढ़ी होने वाले परिवार नामावली के साथ सामाजिक उत्सव के रूप से तैयार कर यह प्रोग्राम पूर्ण राजस्थानी परम्परागत विधीसह भव्य वरघोड़ा व बाजते गाजते प्रवेश के साथ दादा-दादी, नाना-नानी के दुपट्टे व साफा लेडीज क्राउन के साथ दूध-पानी पक्षाल के पश्चात गुड़ ढेप पर स्वर्णसीढ़ी लगाकर पैर के अंगूठे लगवाए गए.

इस उत्सव में माननीय अतिथि सीनियर एडवोकेट श्री सोहनजी कुन्दनमलजी जैन (मैनेजिंग चैयरमेन - शिक्षण प्रसारक मंडळी) श्री इंद्रकुमारजी भीमराजजी छाजेड़ (वर्तमान अध्यक्ष - JITO पूणे), श्री अचलजी वालचंदजी जैन (अध्यक्ष - पूणे जैन महासंघ व संस्थापक अध्यक्ष जितो) शामिल हुए.

यह परम्परा जैन समाज में लुप्त न हो ऐसी भावना रख इसे करने का मानस बनाया, जैन समाज इसको ग्रहण कर नई जागृति हो इसी सदभावना व विचार के साथ मरुधर जैन ग्रुप आपके समक्ष रख रहे हैं.

प्रोग्राम का सूत्र संचालन एवं मैनेजमेंट एंकर जीतू लोढ़ा (लोढ़ा इवेंट्स, पुणे-खौड़)

## धन्य धन्य तपस्वी



इचलकरंजी (महाराष्ट्र) - डॉ. प्रतिभाश्रीजी म. सा. की सुशिष्या साध्वी मल्लीश्रीजी एवं साध्वी श्री आस्थाजी म. सा. की प्रेरणा से सादडी राणकपुर निवासी स्व. ताईबाई मीश्रीमलजी पुनमिया की सुपौत्र वधु एवं श्रीमती विमलाबेन जीवनराज पुनमिया की सुपुत्र वधु सौ. वृत्तिका मुकेश कुमार पुनमिया ने अग्यारह उपवास की उग्र तपस्या की जिसकी पुणहुति पर पूजन २५ जुलाई को वरघोडा व स्वामी वात्सल्य का आयोजन पुनमिया परिवार ने किया।

१७ वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा - सुमन



स्व. नरेन्द्रकुमार मूलचंदजी पुनमिया

जन्म : १९ दिसम्बर १९४९ देहविलय : ०६ जुलाई, २००८

गोरेगांव (मुंबई) / सादड़ी - राणकपुर

आना जाना लगा रहेगा, दुःख जायेगा, सुख आयेगा।
करेगा जो भलाई का काम, उसका ही नाम रह जायेगा ॥

श्रध्दावनत

धर्मपत्नी : लाड़कुंवर - नरेन्द्रकुमार

पुत्र – पुत्रवधू : निमीत – मनीषा, पुनित-लता

सुपौत्र – सुपौत्री : स्वर्गीय मेहा, त्रिशा, वीदित, रायन

एवं समस्त पुनमिया परिवार

NARENDRA PLASTIC गोरेगांव – मुंबई

श्री अंबाजी धाम के अधिष्ठाता



चैतन्य परम पूज्य श्री जगदीशानंदजी महाराज (गुरुदेव)

देवलोक गमन - संवत २०५५ आषाढ़ वद - २(३० जुलाई, १९९९)

२६वीं पुण्यतिथि पर समर्पित सादर श्रद्धा सुमन



श्री मां जगदम्बा के परम उपासक

प.पू.श्री जगदीशानंदजी महाराज (गुरुदेव)

की २६वीं पुण्यतिथि पर मां अम्बा के भक्तों और गुरुदेव के सेवकों की तरफ से हार्दिक श्रद्धा सुमन

श्रध्दावनत

महंत श्री बाबूजी महाराज एवं अंबाजी धाम परिवार

श्री अंबाजी धाम मंदिर, फैक्ट्रीलेन, बोरिवली (वेस्ट), मुंबई - ४०० ०९२.

# लंदन में जैनियों के लिए ऐतिहासिक दिन

## श्री नवयुग जैन प्रगति मंडल, लंदन की 50 साल की गोल्डन जुबली पर श्री पार्श्वनाथ भगवान की रजन प्रतिमा का प्रतिष्ठा महोत्सव

### जैन मान्यताओं और प्रथाओं को आगे बढाने तथा एक समुदाय को एक साथ लाने के प्रयास में 1974 में इसकी स्थापना की गई।




**लंदन** - श्री नवयुग जैन प्रगति मंडल (एसएनजेपीएम) लंदन में सबसे पुराने जैन संगठनों में से एक है। जैन मान्यताओं और प्रथाओं को आगे बढ़ाने तथा एक समुदाय को एक साथ लाने के प्रयास में 1974 में इसकी स्थापना की गई 150 साल की गोल्डन जुबली के उत्सव के साथ मेल खाते हुए, एसएनजेपीएम को 23वें जैन तीर्थंकर, श्री पार्श्वनाथ भगवान की रजत प्रतिमा का स्वागत और चल प्रतिष्ठित करने का सौभाग्य मिला है। तीर्थकरों में सबसे अधिक पूजनीय, 108 नामों वाली यह मूर्ति 13 इंच ऊंची है और शुद्ध चांदी से बनी है। प्रतिष्ठा महोत्सव नवयुग केंद्र में भगवान पार्श्वनाथ के अठारह अभिषेक का अविस्मरणीय आयोजन करने का मंडल को पहली बार सुअवसर मिला। एसएनजेपीएम के अध्यक्ष गिरीश जैन ने इस दिन को "लंदन में जैनियों के लिए ऐतिहासिक दिन" के रूप में वर्णित किया और यह आयोजन दो दिवसीय कार्यक्रम की प्रत्येक भाग की विशिष्टता और इससे होने वाले आध्यात्मिक उत्थान के कारण आने वाली पीढ़ियों के लिए याद किया जाएगा !

## स्वीकृत सड़क पर कार्य नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**सांडेराव** - स्थानीय नगर में बाबा रामदेव मंदिर मेंन गेट से लेकर सांडेराव ग्राम पंचायत तक सड़क की दुर्दशा से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपए का टेंडर पास हुआ है परंतु कार्य नहीं होने के कारण जगह-जगह गड्ढे गैस पाइपलाइन द्वारा खुदाई कर गिट्टी डाल दिया गया था जिस पर भारी वाहन चलने से गिट्टी सड़क से अलग हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले लंबे समय से यह सड़क बदहाल तो थी ही परंतु गैस पाइपलाइन वालों ने कमी भी नहीं छोड़ी।

सड़क की खुदाई कर गैस पाइपलाइन की बिछाई गई बड़े बड़े गड्ढे खोदे वह मिट्टी डालकर बंद कर दिए थे जो बारिश के कारण दलदल की स्थिति बनी हुई है। यहां गली मोहल्ले मे हर दिन वाहन फंसते रहते हैं। इस दौरान सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को जगह ही नहीं मिलती। ग्रामीणों को कभी भी गंभीर हादसा होने का डर बना हुआ है। सड़क की मरम्मत नहीं कराया गया तो बारिश में समस्या और भी बढ़ जाएगी।

सांडेराव से निंबेश्वर महादेव जाने वाली सड़क स्वीकृत परंतु कार्य नहीं: स्थानीय नगर में चंदेश्वर महादेव मंदिर प्राथमिक विद्यालय गांव से फालना जाने वाली मुख्य सड़क स्वीकृत हुई परंतु कार्य नहीं होने के कारण सावन मास में महादेव दर्शन जाने वाले जातरू व स्कुल जाने वाले छात्रों को बारिश की मौसम में जंजीर सड़क से भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# आशापुरा माता के दर्शन को पदयात्री रवाना

### भक्तों ने माता के जयकारों के साथ की शुरुआत



रानीवाड़ा - रानीवाड़ा उपखंड मुख्यालय के धानोल गांव से सोमवार सुबह नाडोल स्थित लोक आस्था की प्रतीक श्री आशापुरा माता मंदिर के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पैदल यात्रा संघ भावपूर्ण वातावरण में खाना हुआ। रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने स्थानीय मंदिर में पूजा-अर्चना की और यात्रा की सफलता एवं मंगलमय दर्शन की कामना की। संघ में पुरुषों एवं युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा के दौरान रास्ते में विभिन्न गांवों पर भक्तों का स्वागत होगा। भक्ति गीतों और माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया। पदयात्रियों ने बताया कि यह यात्रा सामूहिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। समापन पर श्रद्धालु नाडोल स्थित आशापुरा माता के दर्शन कर सामूहिक भोग अर्पित करेंगे। यात्रा के सफल आयोजन में स्थानीय भक्तगण और समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा। पैदल संघ को सरपंच प्रतिनिधि गणपतलाल ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महेंद्रसिंह, चंदनसिंह, जयसिंह, इंद्र सैन, नारायणसिंह, मदन पुरोहित, जोगाराम भोड़, रिडमलसिंह सहित कुल 25 जातरू खाना हुए है।

# गली-मोहल्लों में टूटी नालियों से लोग परेशान, पालिका में नहीं हो रही सुनवाई

## लाखों के टेंडर, फिर भी समस्या जस की तस

## पार्षदों की बात को भी नहीं दी जा रही तवज्जो

**सादड़ी** - कस्बे के गली मोहल्लों में टूटी नालियों से आमजन के साथ राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पालिका प्रशासन से लगातार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में लोगों में पालिका प्रसाशन के खिलाफ रोष व्याप्त है। कस्बे में ऐसे कई गली मोहल्ले है जहां पालिका बोर्ड के पांच वर्ष के कार्यकाल में जहां टूटी नालियों की ना तो सुध ली गई एवं ना ही मरम्मत ही करवाई गई। संबंधित वार्ड पार्षदों ने कई बार पालिका में संबंधित अधिकारी को शिकायत भी की। लेकिन समस्या समाधान के प्रति कोई तवज्जो नहीं दिया गया। जनप्रतिनिधियों तक की बात को नहीं सुना गया तो आमजन की सुनवाई के बारे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



### हो चुके हैं कई हादसे

कस्बे के कई गली मोहल्लों में तो नालियां इस कदर टूट चुकी है कि वहां से गुजरने वाले कई दुपहिया वाहन चालक गिर कर चोटिल हो चुके है। कट लगने से टायर फूटने तक की नौबत आ चुकी है। लेकिन, पालिका प्रशासन भ्रष्टराष्ट्र बना बैठा है। टूटी नालियों के कारण गंदा पानी आम रास्तों पर फैल कर लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहा है। बारिश के मौसम में तो हालात और ज्यादा खराब हो रहे है।

### लाखों के टेंडर, समस्या बरकरार

कस्बे में पालिका की ओर से अलग-अलग वाडों में नालियों के रख रखाव और मरम्मत के टेंडर निकाले हुए है। लेकिन संबंधित ठेकेदार की ओर से ना तो पार्षदों की शिकायतें ही सुनी जा रही है और ना ही नालियों की मरम्मत ही करवाई जा रही है। पालिका प्रशासन भी ठेकेदारों को कोई ठोस निर्देश नहीं दे रहा है। ऐसे में टूटी नालियों की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।



### नहीं होती सुनवाई

पार्षद ओमप्रकाश बोहरा ने कहा कि उनके वार्ड में नालियों की हालत बदत्तर हो रखी है। एक-एक फीट तक के गड्ढे हो रखे है। कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत कर चुके है परंतु कोई सुनने वाला नहीं है एवं स्थिति जस की तस ही बनी हुई है। शीघ्र ही जिला कलक्टर से स्थिति से अवगत करवा समाधान की मांग करेंगे।

समाजसेवी हितेश लौहार ने बताया कि महावीर नगर में टूटी नालियों से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पालिका प्रशासन से पिछले एक महीने से गुहार लगा रहे है किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

पार्षद रमेश प्रजापत ने बताया कि पिछले कई महीनों से उनके वार्ड में नालियों के निर्माण के लिए लिखित पत्र पालिका को दिए है। लेकिन समस्या जस की तस ही बनी हुई है। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क डागलिया परिवार की विश्वनीय परंपरा

जिंदगी और हेल्थ दोनों के लिए इंश्योरेन्स जरूरी है, लेकिन बिजनेस में भी इंश्योरेन्स अतिआवश्यक है। आज हर ज्वेलर्स के लिए गोल्ड ज्वेलरी बिजनेस का इंश्योरेंस प्लान होने की आवश्यकता है, जो जान और माल दोनों की रक्षा करता है। इसी दिशा में गणपत डागलिया एवं चिराग डागलिया की कंपनी नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क को विश्वनीय परंपरा का प्रतीक माना जाता है, जो इंश्योरेंस और बिजनेस इंश्योरेंस के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है। ज्वेलर्स ब्लॉक इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क को जबरदस्त प्रतिष्ठा हासिल है, उसकी उदाहरण केवल इसी से नापा जा सकता है कि आज नाइस इंश्योरेन्स के पास भारत भर में 30000 से अधिक खुशहाल क्लाइंट्स हैं और 12000 से अधिक क्लेम सेटलमेंट करके एक कार्तिमान कायम किया है। उसी का परिणाम है कि अब तक लगभग 300 से ज्यादा अवार्ड नाइस इंश्योरेन्स को मिले हैं।

कुल चार दशक की विश्वनीय परंपरा के साथ नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क बाजार में अपनी साख जमाए हुए हैं। गणपत डागलिया ने इसकी स्थापना 41 साल पहले की थी और तब से यह कंपनी इंश्योरेंस के क्षेत्र में एक विश्वनीय नाम बनी हुई है। हर बिजनेस की अपनी एक खास आधारशिला होती है, जो अगर पहले से मजबूत है, तो आने वाली पीढ़ी उस पर बहुत बड़ा महल खड़ा कर सकती है, वरना उसे शुरू से स्टार्ट करना होता है। नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क की स्थापना गणपत डागलिया ने की थी, तब बाजार के हालात बहुत नाजुक थे, फिर भी उनकी मेहनत व दूरदर्शी नजरिये की वजह से नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का इंश्योरेंस बिजनेस सेक्टर में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। गणपत डागलिया के पुत्र चिराग डागलिया ने भी बाद में इस क्षेत्र में कंपनी की खास पहचान बनाने में जबरदस्त मेहनत की और कंपनी का विस्तार किया, तो उसी वजह से ज्वेलरी बिजनेस सेक्टर में भी इंश्योरेंस के मामले में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का नाम आज 41 साल के सफर में सबसे ऊंचे शिखर पर है।

नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क की सफलता की कहानी समझने लायक है। वक्त 41 साल पहले का था, और यह वो दौर था, जब लोगों के पास पैसा अभी के मुकाबले बहुत कम था तथा इंश्योरेंस के नाम से ही लोग डरते थे। लेकिन गणपत डागलिया ने लोगों को समझाने की तथा सरलता के साथ कन्वींस करने की अपनी स्किल के जरिए, इंश्योरेंस की वास्तविक अवधारणा को बदलकर लोगों के



गणपत डागलिया



चिराग डागलिया

NICE™ INSURANCE LANDMARK
One Stop Insurance Solution in India !

***नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क की स्थापना गणपत डागलिया ने की थी, तब बाजार के हालात बहुत माजुक थे, फिर भी उनकी मेहनत व दूरदर्शीन नजरिये की वजह से नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का इंश्योरेंस बिजनेस सेक्टर में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। गणपत डागलिया के पुत्र चिराग डागलिया ने भी बाद में इस क्षेत्र में कंपनी की खास पहचान बनाने में जबरदस्त मेहनत की और कंपनी का विस्तार किया, तो उसी वजह से ज्वेलरी बिजनेस सेक्टर में भी इंश्योरेंस के मामले में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का नाम आज 41 साल के सफर में सबसे ऊंचे शिखर पर है।***

दिमाग में उतारा, तो वे इसे जीवन के साथ साथ बिजनेस की भी सबसे पहली जरूरत मानने लगे। ज्वेलरी बिजनेस के लिए इंश्योरेंस का बहुत बड़ा महत्व है। नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क ज्वेलरी सेक्टर में अपने इंश्योरेंस के जरिए हर ज्वेलर की ज्वेलरी की शोरूम, यात्रा, लॉजिस्टिक, एग्जिबिशन, कारीगर आदि के मामले में चोरी, लूट, डकैती, आगजनी जैसी दुर्घटना से सुरक्षित रखता है। ज्वेलरी बिजनेस में इंश्योरेंस के महत्व को समझाते हुए डागलिया कहते हैं कि यह न केवल जान की रक्षा करता है, बल्कि माल की भी रक्षा करता है। इसके अलावा भी ज्वेलरी बिजनेस में इंश्योरेंस के बहुत फायदे हैं, जैसे वित्तीय सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाए, तो ज्वेलरी बिजनेस में इंश्योरेंस वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। और सबसे बड़ा मामला है मानसिक शांति का, क्योंकि ज्वेलरी बिजनेस का इंश्योरेंस होने से प्रत्येक ज्वेलर को मानसिक शांति व सुकून भी सदा रहता है। ज्वेलर्स समुदाय समान्य तौर पर इन तथ्यों को स्वीकारता भी है, इसी कारण पिछले कुछ सालों में ज्वेलरी बिजनेस में इंश्योरेंस का महत्व बहुत अधिक बढ़ता जा रहा है।

अब तक के अपने 41 साल के सफर में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क के बड़े बड़े क्लेम की चर्चा करते हुए डागलिया कहते हैं कि ज्वेलरी सेक्टर में मुंबई के धाकड़ ज्वेलर्स और आगम ज्वेलर्स को 1-1 करोड़ रुपए और रांची के राजवंती ज्वेलर्स को 1.28 करोड़ रुपए का क्लेम सेटलमेंट करवाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। इसी तरह से फायर क्लेम के मामले में वलसाड़ की शाह एंड शाह इंडस्ट्री को 11 करोड़ रुपए, वापी की एमजेएफ मिल को 4.35 करोड़ रुपए और जनरल इंपोर्ट को 25 लाख रुपए का क्लेम दिला चुके हैं। लाइफ इंश्योरेंस के मामले में रतनचंद नांगलिया एवं डिंपल महावीर जैन को 1-1 करोड़ रुपए और अशोक वागरेचा को 80 लाख रुपए का क्लेम सेटलमेंट करवाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। इसके अलावा हेल्थ क्लेम में भी देवेंद्र वकारिया को 22 लाख रुपए, रमेश डांगी को 15 लीख रुपए और प्रवीण बछावत को 14 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिला चुके हैं।

ज्वेलरी सेक्टर में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का खासा प्रतिष्ठित नाम है। मुंबई के कई प्रतिष्ठित ज्वेलर्स में जैसे, चेन्स कॉर्नर, साइन शिल्पी, मंगलमणि ज्वेलर्स, मातुश्री गोल्ड, मंशापूर्णा चेन्स आदि में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का जबरदस्त भरोसा है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी ट्रेड फेडरेशन, इंडिया बुलियान एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन, मुंबई होलसेल गोल्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन, रोटेरी क्लब औफ दुबई और जीतो इंटरनेशनल से भी नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क को जुड़ाव है। इंश्योरेन्स सेक्टर में नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क एमडीआरटी के भी सदस्य हैं।

दरअसल, नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क के संचालक गणपत डागलिया और चिराग डागलिया, दोनों पिता पुत्र न केवल लोगों के जीवन, बिजनेस तथा स्वास्थ्य की सुरक्षा से संबद्ध पेशे से जुड़े है, बल्कि वे अपनी अभिनव सोच से ज्वेलरी बाजार के ज्वेलर्स को सुरक्षित बिजनेस तथा निश्चिंत बिजनेस की एक नई दिशा में भी ले जा रहे हैं, जहां किसी को भी किसी भी तरह की चिंता की जरूरत नहीं है। इसी वजह से दुनिया भर के लगभग 28 देशों में उनके क्लाइंट हैं। वे व्यापार की सुरक्षा, बिजनेस की निश्चिंतता और जीवन के प्रति सजगता के नजरिये से ज्वेलरी बिजनेस सहित हर व्यापार, हर व्यक्ति तथा हर संस्थान की सुरक्षा की गारंटी तय करने का विश्वास दिलाने में सफल रहे हैं। यही कारण है कि नाइस इंश्योरेन्स लैंडमार्क का 41 साल का यह स्वर्णिम सफर लगातार आगे बढ़ रहा है।


सातवीं पुण्यतिथि पर
"भावभीनी श्रद्धांजलि"



स्व. श्रीमान अंबालालजी प्रजापत
स्वर्गवास : दि. २९.०७.२०१८ गांव : अमरतिया

सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था।
सत्कर्म उनकी शोभा थी, परोपकार उनका कर्तव्य था ।।

श्रध्दावनत
पुत्र : प्रकाश, राकेश
भाई : धुलीराम, मोहनलाल, रंगलाल, प्रभुलाल, च.सुरेशकुमार, गणेशलाल, रमेशचंद्र, शांतिलाल, गोविंद, निर्मल, नरेश, हर्षद, च. राजेन्द्र, देवेन्द्र, शिवा, चेतन, शनि, माहीर, रुद्राक्ष, लव्य, प्रत्यक्ष (भाऊ), कार्तिक, प्रिन्स, सुजान
एवं समस्त लुणिया (प्रजापत) अमरतिया
ससुराल पक्ष : स्व. खेमाजी, सुमेरदत्त शर्माजी, पेमाजी, हीरालालजी, बद्रीलालजी, प्रभुलालजी समेदीया – आरवाड़ा

स्वास्तिक इलेक्ट्रीक एण्ड हार्डवेअर स्टोर्स
बोरिवली (वेस्ट) - मुंबई








बधाई - शुभकामनाएं



सादड़ी (राणकपुर) - हाल कोईम्बतुर निवासी श्रीमती विजयाबाई मांगीलालजी छाजेड़ के सुपौत्र एवं श्रीमती सपना संजयजी छाजेड़ के सुपुत्र मोक्षित छाजेड़ ने CBSE में 12th कक्षा मे स्कूल में टॉपर रह कर विशेष दर्जा हासिल किया है। जिसमें 3 विषय में 99% एवं 98% अंक प्राप्त कर अपने परिवार का गौरव बढ़ाया!

हलकारा परिवार की हार्दिक बधाई!!

# अरावली की वादियों में झरनों की कलकल



**सादड़ी** - हाल ही में हुई अच्छी बारिश से अरावली की पहाड़ियां हरियाली से छक गई हैं। पहाड़ों से बहता निर्मल महादेव मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में स्थित एनीकट प्रकृतिक सौदों का आनंद ले रहे हैं। शरतों की से बहता झरना इन दिनों खास आकर्षण बना हुआ है। श्रद्धालु और पर्यटक मंदिर तक पहुंचते समय रास्ते भर कल-कल करती आवाज और पहाड़ी चादियों में बहता इससे न केवल पर्यावरण में भी बढ़ी है, बल्कि पानी हर किसी को आकर्षित कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई वर्षों बाद इतनी अच्छी बारिश हुई है। जलधाराएं भी जीवन से भर उठी हैं।

# परिवार अहमदाबाद गया, पीछे मकान में चोरी

जालोर - एक तरफ पुलिस चोरों को पकड़कर चोरियों का खुलासा कर रही है। दूसरी ओर चोर अपने इस क्रम को जारी रखते हुए सूने और बंद मकानों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला बागरा थाना क्षेत्र के डकातरा गांव का है जहां परिवार कुछ दिन पहले ही अहमदाबाद चला गया और पीछे चोरों ने मकान में रखे जेवरात और चार लाख रुपए नकद चुरा लिए। मामले में पीड़ित जगु भाई पुत्र भूरा भाई पुरोहित निवासी डकातरा हाल एफ/8 रतना सागर कॉम्प्लेक्स नीयर सोमेश्वर बंग्लोज अपोजिट गुलाब टॉवर सोला अहमदाबाद शहर ने बागरा थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वे डकातरा में रहते हैं। पिछले एक महीने पहले परिवार सहित मकान बंद कर अहमदाबाद चले गए, 20 जुलाई 2025 को छोटे भाई गिरधारी ने सुबह 8:30 बजे कॉल कर बताया कि तुम्हारे घर का ताला टूटा हुआ है और अलमारी का सामान बिखरा हुआ पड़ा है। वहीं पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस मौके पर आई और मामले की जानकारी ली। जगु भाई ने रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपने घर की अलमारी (लोहे की) में सोने और चांदी समेत नकद रुपए रखे थे। जिसमें पनसी, रखड़ी, झुमके, फतेह वेश समेत 59.5 तोला सोने व 6.5 किलो चांदी व चार लाख रुपए चोर उड़ा ले गए जो अलमारी में रखे हुए थे जो मुझे देखने पर नहीं मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# रणवीर सिंह पारेख व्याख्यान माला एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**सादड़ी** - शिक्षा समाज और राष्ट्रोत्थान का मार्ग है, शिक्षा परिवर्तन की संवाहक है, शिक्षक रत्न स्वर्गीय रणवीर सिंह पारेख पर समूचे शिक्षा जगत को गर्व है। हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर संस्कार युक्त शिक्षा दे। यह विचार राजकीय महाविद्यालय बाली के प्राचार्य आईदान सिंह राजपुरोहित ने स्थानीय पीएम श्री श्री धनराज



बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास सादड़ी के तत्वावधान में आयोजित रणवीर सिंह पारेख व्याख्यानमाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किए। राजपुरोहित ने कहा कि आज सम्मानित होने वाले शिक्षकों ने रणवीर सिंह पारेख की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ शिक्षा जगत को दिया है। इनका शैक्षिक व सहशैक्षणिक अवदान प्रशंसनीय है। ये रणवीर सिंह पारेख के विचारों को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर दिलीप पारेख, हेमंत पारेख, रजनी कान्त बदामिया ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने की। कन्हैयालाल ने बीज भाषण दिया तथा रणवीर सिंह पारेख के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। आईदान सिंह राजपुरोहित ने व्याख्यान प्रकाश डाला। सिंह ने व्याख्यान का आह्वान किया। रणवीर सिंह पारेख के सहयोगी रहे सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दुर्गा दान चारण ने रणवीर सिंह पारेख से जुड़े संस्मरण सुनाए।

इस अवसर पर दिलीप पारेख हेमंत पारेख निर्मला पारेख मधु पारेख द्वारा विज्ञान शिक्षक हेमंत कुमार गर्ग देमबो राउमावि, कविता कंवर पीएम श्री धनराज बदामिया राबाउमावि, सोलंकी दीपिका आदर्श विद्यालय, नीरु कुंवर सोलंकी दीपिका विद्यालय, ती नं 2 को उनकी श्रेष्ठ शैक्षणिक सहशैक्षणिक उपलब्धियों के लिए रणवीर सिंह पारेख शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पारेख परिवार द्वारा एडवोकेट मदन लोहार, दुर्गा दान चारण, पेंशनर समाज अध्यक्ष जीवराज लोहार, मोहनलाल सोलंकी, भगवान लाल पुआलसा, किरण जैन पुणे, सेवा निवृत्त अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कूपाराम पंवार तथा विद्यालय स्टाफ का भी बाहुमान कारवार तथा विद्यालय स्टाफ की पालीवाल, सुशीला सोनी व मनीषा सोलंकी ने समारोह की व्यवस्थाएं संभाली।

इस अवसर पर सेवा भारती महिला कार्य प्रमुख निकिता रावल, भारत विकास परिषद के ओमप्रकाश बोहरा, श्याम कुंवर, राजेश पुरी, लाभ शंकर तिवारी, अशोक जैन समेत कई प्रबुद्ध जन व महावीर प्रसाद, वीरम राम चौधरी रमेश सिंह राजपुरोहित रमेश कुमार वछेटा केनाराम गजेन्द्र सिंह पुरुषोत्तम समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। संचालन प्रकाश कुमार शिशोदिया ने किया।

इससे पहले रणवीर सिंह पारेख शिक्षा सप्ताह के तहत पारेख परिवार के सदस्यों दिलीप पारेख हेमंत पारेख निर्मला पारेख मधु पारेख रजनी कान्त बदामिया ने आईदान सिंह राजपुरोहित व विजय सिंह माली के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

# स्कूल में पर्यावरण जागरूकता का अभियान

**सांचौर** - सांचौर में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल वासन चौहान में सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आसुराम पुरोहित और पीईईओ किलवा दिलीप कुमार शर्मा ने अध्यक्षता की। स्कूल परिसर और खेल



मैदान में विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे लगाए गए। पीईईओ दिलीप कुमार शर्मा ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण और जीवन के अभिन्न अंग हैं। वृक्ष जैव विविधता की रक्षा करते हैं और प्रदूषण से बचाव में मदद करते हैं। मुख्य अतिथि आसुराम पुरोहित ने वृक्षों को धरती का श्रृंगार और प्रकृति की अमूल्य धरोहर बताया। राज्य पुरस्कृत शिक्षक जगदीश पुरोहित ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्था प्रधान मोहनी विश्नोई, विरमाराम रावल, रमेश कुमार पुरोहित, रमेश कुमार चौधरी समेत कई शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे। एसएमसी अध्यक्ष राणाराम पुरोहित विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सिरोही-शिवगंज को मिलीं कई सौगातें

**सिरोही** - सिरोही में पंचायतीराज, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री व स्थानीय विधायक ओटाराम देवासी ने सिरोही-शिवगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांग एवं सार्वजनिक क्षेत्रों की जरूरत को लेकर सिरोही जिला डीएमएफटी के अन्तर्गत करीबन 39 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रस्ताव लेकर राज्य सरकार को भिजवाए। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने बैठक में सिरोही-शिवगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की मांग करते हुए शिक्षा के क्षेत्र को प्रमुखता से बढावा देते हुए विभिन्न विद्यालयों में कक्षा कक्ष एवं आवश्यक संसाधनों के लिए करीब 1291 लाख रुपए की लागत के निर्माण कार्यों की स्वीकृति करवाते हुए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग में विभिन्न मांगों व आवश्यकताओं के लिए 288 लाख रुपए के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत 149 लाख रुपए के निर्माण कार्य, पेयजल समस्या के निराकरण के लिए 352 लाख रुपए के कार्य के प्रस्ताव दिए। साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय सिरोही में अध्यनरत छात्रों के लिए खेल सामग्री व



ऑडियो विजुअल सेट में सामग्री के लिए 12 लाख का प्रस्ताव दिया। जिला सार्वजनिक अस्पताल सिरोही में मरीजों की जांच के लिए 90 लाख की मशीनरी खरीदने का भी प्रस्ताव दिया। सिरोही-शिवगंज विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सडकों को लेकर भी बैठक में 1730 लाख रुपए के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव भी राज्य सरकार को भिजवाए हैं राज्यमंत्री की मांग के अनुसार सिरोही में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़के जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए देवासी ने बताया कि आमजन प्रयासरत है।

हर वंचित व्यक्ति को सुविधाओं का फायदा मिले और क्षेत्र का विकास हो ऐसी मंशा से कार्य कर रहा हूँ। उन्होंने बताया कि डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक में जो प्रस्ताव लिए आगामी समय में पूरे करवाये जाएंगे।

# उदयपुर का पर्यटन रूट खतरे में, राणकपुर मार्ग जर्जर, गिर सकता है मगाई नदी पुल

**उदयपुर** - शहर के पर्यटन रूट सादड़ी (पाली) से सायरा (उदयपुर) के बीच राणकपुर मार्ग की जर्जर स्थिति पर्यटकों के लिए खतरा बनी हुई है। यहां मगाई नदी पर बना पुल भी खतरनाक स्थिति में है। यह मार्ग न केवल राणकपुर जैन मंदिर तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है, बल्कि जोधपुर-उदयपुर के बीच आने-जाने वाले हजारों देसी-विदेशी पर्यटकों के लिए भी अहम है।

पर्यटन विशेषज्ञ और होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत की ओर से इस संबंध में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखा गया है। इसमें बताया कि सड़क कई जगहों पर टूटी हुई और गड्डों से भरी है। इस पर गाड़ी चलाना जोखिमपूर्ण हो चुका है। विशेष चिंता मगाई नदी पर बने जर्जर पुल को लेकर है। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इससे आमजन, पर्यटक एवं वन्यजीवों की जान को खतरा है।

**आए दिन हो रहे हादसे, क्षेत्रवासियों में भी गुस्सा**

पत्र में राणावत ने बताया कि यह मार्ग धार्मिक पर्यटन, स्थानीय होटल उद्योग और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है। यदि मरम्मत में देरी हुई, तो पर्यटक आवागमन और रोजगार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। होटल संचालक गिरेश्वर सिंह बांसी व महेंद्र, विक्रम सिंह पारा ने बताया कि पहले भी यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस संबंध में राणकपुर होटल एसोसिएशन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने भी रोष जताते हुए तत्काल मरम्मत की मांग की है। बता दें, राणकपुर मार्ग उदयपुर को पाली से जोड़ता है। इस रूट पर मेवाड़ का प्रसिद्ध शिव धाम परशुराम महादेव भी है, जहां अभी श्रावण माह के चलते रोज सैकड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही है। इसके अलावा गुजरात से नाथद्वारा आने वाले कई पर्यटक राणकपुर जाते हैं।

# केवल किरण क्लोथिंग लिमिटेड का सराहनीय कार्य



**सादड़ी (राणकपुर)** - सामाजिक कार्यों के साथ साथ ग्रामीण भागों में चिकित्सा सुविधाओं के लिए माध्यम से हम कर्मभूमि के साथ साथ मातृभूमि की भी सेवा में योगदान दे सके।

उपरोक्त विचार राणकपुर रोड पर स्थित श्री विजय वल्लभ हॉस्पिटल के संस्थापक केवल जैन (केवल किरण क्लोथिंग लिमिटेड, Killer Jeans) द्वारा आयोजित सादड़ी में पंचम निशुल्क घुटना प्रत्यारोपण शिविर को भेजे संदेश में व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि ग्रामीण भागों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका सामना कई लोग करते हैं,और इसी उद्देश्य से वल्लभ हॉस्पिटल बनाया गया था। दानदाता और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से आगे आकर इस समस्या का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे है।



जैन ने कहा कि हम चिकित्सा सुविधाओं में बड़े स्तर पर सुधार लाने का प्रयत्न कर रहे हैं जैसे चिकित्सा उपकरणों का दान, चिकित्सा कर्मचारियों का प्रशिक्षण जिससे वे ग्रामीण भागों में बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकें। ज्ञात हो पंचम निशुल्क घूटना प्रत्यारोपण (Knee Replacement) शिविर में श्री विजय वल्लभ हॉस्पिटल के अस्थिरोग विशेषज्ञ टीम डॉ सुखदेव सुथार, डॉ रवीन्द्र जानू एवं एमकेएफ़सी के डॉ प्रदीप मूणोत की टीम द्वारा मरीजो के 4 घूटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन एवम 1 मरीज के फुट डिफ़ॉर्मिटी को करेक्ट करने का ऑपरेशन पूर्णतया निःशुल्क किया गया।

उन्होंने बताया कि पहले भी 4 शिविरो का आयोजन किया जा चुका है जिसमे कुल 11 घुटना प्रत्यारोपण के ऑपरेशन, दूरबीन द्वारा घुटने के लिगमेंट के ऑपरेशन पूर्णतया निःशुल्क किए गए। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आगे भी किया जाएगा जिसमें ग्रामीण भागों के लोगों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकेगी।

**शाकाहार जीवन का सर्वोत्तम आहार है।**
**इसे अपने जीवन में अपनाएं।**






## गौ माता के हत्यारों के काट देने चाहिए हाथ : उपाध्याय



**मुंबई** - महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गौ तस्करों पर तीखा हमला बोलते हुए बोरीवली विधानसभा के भाजपा विधायक संजय उपाध्याय गौ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बेहद आक्रामक दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों और विचारों पर काम करने वाली महायुति सरकार को गौ माता के हत्यारे के हाथ काट देने चाहिए। मेरे पास अवैध रूप से संचालित कत्लखानों की सूची है, क्या सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी? बदलापुर पुलिस थाने की सीमा में हुए अपराध की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए संजय उपाध्याय ने कहा कि महाराष्ट्र में हमने गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है। इसके बावजूद, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य में गौ तस्करी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बदलापुर मामले में आरोपी कैफ मंसूर शेख के खिलाफ एक-दो नहीं, बल्कि 12 मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन उसके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौ तस्करी का मुद्दा उठाते हुए विधायक संजय उपाध्याय ने मुख्यमंत्री की घोषणा का हवाला देते हुए याद दिलाया कि 2025 के बजट सत्र में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि गो-हत्या और गो-तस्करी के संबंध में अपराधियों पर मकोका के तहत कार्रवाई की जाएगी। फिर इस आरोपी पर मकोका क्यों नहीं लगाया गया? उन्होंने पूछा कि कितने दिनों में मकोका लगाया जाएगा?

उपाध्याय द्वारा पूछे गए प्रश्न के संबंध में, मंत्री योगेश रामदास कदम ने गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि 1,724 टन गोमांस जब्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 2022 से 2025 के बीच 2,800 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं और 4,600 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गौ सुरक्षा के मुद्दे पर बेहद संवेदनशील विधायक संजय उपाध्याय ने सवालों की बौछार जारी रखी। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी बड़ी संख्या में अपराध तब हो रहे हैं, जब महाराष्ट्र राज्य ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है। क्या इसका मतलब यह है कि गोहत्या और गोतस्करी में शामिल अपराधियों को कानून, सरकार और प्रशासन का डर नहीं लगता? उपाध्याय ने गोहत्या और गोतस्करी में शामिल अपराधियों के ख़िलाफ़ ठोस कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास ऐसे अपराधियों की सूची है, जो बार-बार ऐसे अपराध करते हैं।





FREE HOME DELIVERY
NAKODA®
Pure Ghee, Edible Oils & More...
SINCE 1978
SATTVIK VERIFIED
QUALITY ASSURANCE
VEGETERIAN & JAIN
NAtural KhaO...
Dilse Apnao...™
श्रेयस की पसंद
शुद्धता, खुशबू और पोषण से भरपूर
- नाकोडा देसी घी
DAIRY SPECIAL
Pure Ghee
DAIRY TAAZA
Cow's Pure Ghee
89288 82457 / 85915 62269 / 89285 86181 / 91377 56585
GHEE AND OIL AVAILABLE IN ALL SIZES AT YOUR DOOR STEP
NAKODA TRUSTED QUALITY OVER 35 YEARS
M/s. KEWALCHAND VINODKUMAR
K.B. Products Pvt. Ltd.
Customer Care: +91 9819475175 | Website: www.nakodagheetel.com | E-mail: info@gheetel.com
/nakodagheetel | An ISO 22000:2018 & HACCP Certified Company





# हलकारा

01 - 31 जुलाई 2025

16 Pages

संपादकीय कार्यालय :
102, नील कमल हाईट्स,
कस्तुर पार्क, शिंपोली रोड,
बोरिवली (वेस्ट) मुंबई - 400 092.


To,

STAMP


easies
BY KILLER



• Office of the Registrar of Newspapers for India RNI Regd No.37428/80
• Publish on 1st & 16th Day of Every Month






प्रकाशक व मुद्रक : प्रकाशचन्द्र जे. राका ने, 4, सदविचार, रैयाणी ग्राम, शिम्पोली रोड, बोरिवली (वेस्ट) मुंबई - 400092 से मुद्रित एवं प्रकाशित किया.
नन्दलाल भाटिया "नवल" - सहायक सम्पादक
E-mail : halkaramumbai@gmail.com ✦ Shantilal Ranka - 098203 53054 ✦ Prakash Ranka - 098927 08483
मदन गेहलोत - उप संपादक